


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 28 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 11 नवंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# दस सालों का टूटा रिकार्ड, नवंबर में अब तक पड़ रही है गर्मी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में नवंबर माह के दो सप्ताह बीतने को हैं और ठंड की दस्तक नहीं है। रातें हल्की सर्द हैं और सुबह के समय थोड़ी ठंड पड़ रही है। इसके अलावा दिनभर भी तापमान चढ़ा रहता है। नवंबर में पिछले दस वर्षों का आंकड़ों पर नजर डाले तो पारा 13 से 17 डिग्री तक गिर जाता था। वहीं इस बार तापमान 24 डिग्री तक जा रहा है। दिन का तापमान प्रदेश के अधिकतर जिलों में 30 डिग्री से ज्यादा जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी मौसम का मिजाज अगले तीन चार दिनों तक ऐसा ही रहेगा। 16 नवंबर के बाद ठंड की शुरुआत हो सकती है।



रविवार को राजधानी रायपुर, दुर्ग भिलाई सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में तापमान 30 डिग्री से ज्यादा रहा। प्रदेश में रविवार को सर्वाधिक तापमान राजधानी रायपुर में 32.8 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान बलरामपुर में 15.3 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा दुर्ग जिले में भी 31 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया। इसके अलावा दंतेवाड़ा में 32 डिग्री, बीजापुर 30.9 डिग्री, बस्तर 30.3 डिग्री, कांकेर 30.7 डिग्री, बालोद 31.7 डिग्री, राजनांदगांव 30.5 डिग्री, बिलासपुर 30.4 डिग्री ,कोरबा 30.3 डिग्री, मुंगेली 31.1 डिग्री, रायपुर 32.8 डिग्री अधिकतम तापमान रहा।

## न्यूनतम तापमान में भी ज्यादा कमी नहीं

रविवार को प्रदेश के सिर्फ 8 जिलों में ही रात का तापमान 19 डिग्री से कम रहा। बलरामपुर में सबसे कम 15.3 डिग्री तापमान रहा। वहीं सरगुजा में 15.8 डिग्री, कोरिया में 18.5 डिग्री, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 17.8 डिग्री, नारायणपुर में 16.1 डिग्री, बस्तर में 18.1 डिग्री, बीजापुर में 18.8 डिग्री, दंतेवाड़ा में 18.7 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिन तक न्यूनतम तापमान में भी कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान में परिवर्तन नहीं होगा।

## बंगाल की खाड़ी में बन सकता कम दबाव का क्षेत्र

मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है। इसके कारण अगले 24 घंटे में रायपुर समेत दुर्ग, सरगुजा और बिलासपुर संभाग में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना है। 15 नवंबर तक बारिश की संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग का कहना है कि तीन-चार दिन बाद यानी 15 नवंबर के आसपास ही रात के तापमान में थोड़ी कमी आने से ठंड महसूस होगी। मौसम विभाग के मुताबिक 16 नवंबर के बाद पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो सकता है, जिससे पर्वतीय इलाकों के मौसम में बदलाव आएगा। नवंबर के आखिरी तक ठंड का असर बढ़ेगा और पहाड़ों में बर्फबारी का दौर शुरू हो सकता है।




## रायपुर दक्षिण उपचुनाव : आज शाम थम जाएगा प्रचार-प्रसार

# सुनील सोनी के पक्ष में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया रोड शो, सरकार की गिनाई उपलब्धियां



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मोस्ट अवेटेड विधानसभा रायपुर दक्षिण में प्रचार जोरों पर है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी की जीत सुनिश्चित करने रायपुर सांसद व पूर्व मंत्र बृजमोहन अग्रवाल पहले दिन से प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। रविवार को कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टी के प्रत्याशियों ने विधानसभा के सभी 19 वार्डों में पूरा जोर लगा दिया। भाजपा की ओर से बृजमोहन अग्रवाल ने बीते 8 कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को गिना रहे हैं। वहीं सोमवार को प्रचार के अंतिम दिन दोनों दलों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। यही नहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रोड शो कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। बता दें रायपुर दक्षिण में 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। इस सीट पर भाजपा से पूर्व सांसद व महापौर सुनील सोनी भाजपा के प्रत्याशी हैं और कांग्रेस ने युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा को मैदान में उतारा है। भाजपा कांग्रेस के अलावा रायपुर दक्षिण से 28 और प्रत्याशी हैं जो अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि यहां मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस का नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल डटे हुए हैं और लगातार प्रचार कर रहे हैं। पिछले 20-25 वर्षों में भाजपा का विधायक रहते बृजमोहन अग्रवाल के विकासकार्यों को भाजपा गिना रही है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आकाश वर्मा भी विधानसभा के अपने पार्षदों के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

## सीएम साय के रोड शो में दिखा लोगों को हुजूम

प्रचार प्रसार के अंतिम दिन प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने रोड शो किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रोड शो में सबसे आगे रथ में रहे। पूर्व सांसद व राज्यपाल रहे रमेश बैस भी रोड शो का हिस्सा रहे। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल और किरण सिंहदेव रोड का शो का हिस्सा रहे। सीएम साय का रोड शो जय स्तंभ चौक से निकलकर रायपुर दक्षिण विधानसभा की विभिन्न क्षेत्रों से होता हुआ कटोरा तालाब के पास खत्म हुआ। इस दौरान जगह जगह रोड शो का अभिनंदन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यशी सुनील सोनी के साथ मुख्यमंत्री साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल आदि ने लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया।

## मतदान करने वालों के लिए शहर में ऑफर की बहार

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में वोट देने वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने चुनाव आयोग की पहल पर आकर्षक डिस्काउंट ऑफर दिया जा रहा है। मतदान करने वालों को शहर के होटल-रेस्टॉरेंट में खाने-पीने और होटल बुकिंग में विशेष ऑफर दिया जाएगा। डिस्काउंट ऑफर लेने वोटर्स को अपने उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखानी होगी। सुखसागर और मंजू-ममता रेस्टॉरेंट में 13 से 15 नवंबर तक मतदाताओं को बिल में पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। नवा रायपुर स्थित होटल मेय-फेयर में 13 से 19 नवंबर तक मतदाताओं को मेन्यू पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट मिलेगा। तीन बुफे लेने पर एक बुफे फ्री मिलेगी। होटल फेयर-वे में 13 से 19 नवंबर तक मतदाताओं को मेन्यू पर 30 प्रतिशत छूट और रूम बुकिंग में 25 प्रतिशत मिलेगा। वीआईपी रोड स्थित बेबीलॉन होटल रूम बुकिंग पर 30 प्रतिशत छूट देगा।



## कांग्रेस के वार्ड पार्षद ज्यादा तो भाजपा का वोट प्रतिशत अधिक

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में भाजपा कांग्रेस की बात की जाए तो यहां कुल 19 वार्ड हैं। 19 में से 11 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद हैं और 8 वार्डों में भाजपा के पार्षद। हालांकि वोट प्रतिशत यहां भाजपा का ज्यादा है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 77, 589 वोट मिले थे। कांग्रेस को 60,093 वोट मिले। यहां कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशी के बीच जीत-हार का अंतर 14,496 वोट का रहा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को कांग्रेस से रिकार्ड तोड़ 67,719 वोट अधिक मिले थे। इस बार कांग्रेस के लिए रायपुर दक्षिण प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है। पहली बार इस क्षेत्र में बृजमोहन अग्रवाल से कांग्रेस का मुकाबला नहीं है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इसके बाद भी यहां मुख्य चेहरा बृजमोहन अग्रवाल का ही है। इसे देखते हुए भाजपा का पलडा ही भारी माना जा रहा है।

## खास-खबर

### दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत : एक वाहन चालक घायल

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सिंगनपुर के पास दो ट्रकों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए हैं। वहीं ट्रक का ड्राइवर अंदर ही फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व स्थानीय पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची गई। दो घंटों की कड़ी मेहनत के बाद एक ड्राइवर को ट्रक से बाहर निकल गया और तत्काल उन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय कांकेर अस्पताल भेजा दिया गया है।

इस पूरे हादसे के बाद दूसरा ट्रक ड्राईवर अभी सुरक्षित है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केशकाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंगनपुर के पास यह हादसा हुआ है। ज्ञात हो कि इस हादसे में एक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिनका दोनों पैरों में काफी चोटें आई है। फिलहाल डॉक्टरों ने इस घायल का प्राथमिक उपचार कर उसे कांकेर रिफर किया है। पुलिस की टीम ट्रकों को हटाकर मामले की जांच का रही है।

# देश के 51वें सीजेआई बने जस्टिस संजीव खन्ना, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई शपथ

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश बने। सोमवार की सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रविवार को जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायर होने पर उनकी जगह जस्टिस संजीव खन्ना को मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल 13 मई, 2025 तक रहेगा।

जस्टिस खन्ना का जन्म 14 मई 1960 को दिल्ली में हुआ था। दिल्ली के प्रतिष्ठित परिवार से तालुक रखने वाले जस्टिस संजीव खन्ना ने लॉ की पढ़ाई उन्होंने डीयू



के कैंपस लॉ सेंटर से की। उन्होंने न्यायाधीश बनने से पहले अपने करिअर की शुरुआत 1983 में तीस हजारी कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के साथ की थी। उन्हें 2004 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के स्थायी वकील (सिविल) के रूप में नियुक्ति मिली और 2005 में दिल्ली हाईकोर्ट में एडहॉक जज बने। बाद में उन्हें स्थायी जज नियुक्त कर दिया गया। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में अतिरिक्त लोक अभियोजक और न्याय मित्र के तौर पर कई आपराधिक मामलों में बहस भी की थी। आयकर विभाग के वरिष्ठ स्थायी वकील के तौर पर भी उनका कार्यकाल लंबा रहा। वह दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश रहे जस्टिस देवराज खन्ना के पुत्र और सर्वोच्च न्यायालय के जाने-माने पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एचआर खन्ना के भतीजे हैं।

### 2019 में पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

जस्टिस खन्ना को 18 जनवरी 2019 को कॉलेजियम की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट में एलिवेट किया गया। सुप्रीम कोर्ट आने के बाद वे 17 जून 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के अध्यक्ष रहे। अभी नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी के कार्यकारी अध्यक्ष और नेशनल ज्यूडिशल एकेडमी भोपाल के गवर्निंग काउंसिल मेंबर हैं। वह अगले साल 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।

## राजधानी रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में हुई छात्रों की रैगिंग, दो छात्र सस्पेंड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज में एक रैगिंग का मामला सामने आया है। वहीं इस घटना की पुष्टि होने के बाद से MBBS के दो छात्रों को फिलहाल सस्पेंड कर दिया गया हैं। दरअसल आरोपी छात्रों ने अपने जूनियर छात्रों की रैगिंग के दौरान 50 स्टूडेंट्स के सिर मुंडवा दिया है। इसके साथ उन्होंने जूनियर लड़कियों की फोटो की मांग की थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सर पर खास प्रकार का तेल लगाकर, ड्रेस कोड में स्कूल शूज व साथ में स्कूल बैग लेकर आना शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पहले मेडिकल कॉलेज और इंस्टीट्यूट से एंटी रैगिंग की टीम भी गठित की गई थी. जहां पर पर ये पूरी तरह से मनाही थी कि कोई भी विद्यार्थियों की किसी भी प्रकार की रैगिंग नहीं लें सकते हैं।

## पितृ सत्तात्मक समाज में इंदिरा का पीएम बनना

श्रीकंचनपथ




केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पितृ सत्तात्मक समाज को वामपंथियों के दिमाग की उपज बताया है। उन्होंने कहा कि यदि पितृ सत्तात्मक समाज की बात सही होती तो इंदिरा गांधी कभी प्रधानमंत्री नहीं होतीं। वे ऐसा कह सकती हैं क्योंकि वे उस माहौल से दूर ही रही हैं जहां महिलाओं की इच्छाओं और योग्यताओं का गला घोंट दिया जाता है। जहां बच्चों को पिता का नाम और बेटों को पिता की विरासत मिलती है। बेटियां विवाह के बाद गोत्र से बाहर हो जाती हैं। ऐसे समाजों में बेटियों को पराया धन कहा जाता है। इसके विपरीत कुछ राज्यों एवं जनजातियों में बच्चों को मां का नाम मिलता है और विरासत भी मां से बेटी को हस्तांतरित होती है। दरअसल, भारत विविधताओं से परिपूर्ण एक देश है। मेघालय का खासी समुदाय, केरल का नायर समाज मातृसत्तात्मक है। सीतारमण खुद दक्षिण से आती हैं। हो सकता है उन्होंने मातृसत्तात्मक समाज को करीब से देखा हो और उन्हें लगता हो कि पूरा देश ऐसा ही है। उन्हें उन समाजों के बारे में कुछ नहीं पता जहां पिता और भाईयों की मूंछों की खातिर बेटियां कुर्बानियां देती हैं। जहां ज्येष्ठ पुत्र पिता की विरासत संभालता है। जहां बेटों के जन्म पर खुशियां मनाई जाती हैं। रामायणकाल से लेकर महाभारतकाल तक में होनहार बेटियों का जिक्र मिलता है पर कभी भी वे राजगद्दी की दावेदार नहीं रहीं। ज्येष्ठ पुत्र राजगद्दी का स्वाभाविक उत्तराधिकारी होता था। ब्रिटिश शासन ने इसी व्यवस्था को हथियार बनाकर कई राज्य हड़प लिये। जहां राजा के पुत्र नहीं होते थे या पुत्र नाबालिग होता था, वहां ब्रिटिश हकूमत अपना झंडा गाड़ देती थी। यह एक प्राचीन समाज व्यवस्था है जिसका नामकरण बहुत बाद में हुआ। इसे वामपंथ या दक्षिण पंथ से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। सीतारमण ने इंदिरा गांधी का उदाहरण दिया है। इंदिरा अपने पिता की इकलौती संतान थीं और स्वाभाविक उत्तराधिकारी थी। नेहरू स्वभाव से सामाजिक क्रांतिकारी थे। वे आंदोलन के वर्ष थे और इंदिरा अपने पिता के साथ हमकदम थीं। कांग्रेस के किसी पद पर आने से पहले से वे राजनीतिक रूप से सक्रिय थीं। इंदिरा के दो पुत्र राजीव और संजय हुए। पहले संजय को उत्तराधिकारी माना गया पर उनकी असामयिक मृत्यु के बाद राजीव को राजनीति में आना पड़ा। राजीव की हत्या कर दी गई। इसके बाद उनके काम को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पुत्र राहुल को मिली। बदली हुई परिस्थिति में बेटी प्रियंका ने राजनीति में प्रवेश किया। पितृसत्ता या मातृसत्ता का तात्पर्य दादागिरी से नहीं है। यह एक जिम्मेदारी है। सत्ता केवल शासन नहीं करती बल्कि ढाल बनकर रक्षा भी करती है। पथभ्रष्ट राजनीति को यह बात समझ में नहीं आती। वह जुमलों की आड़ लेकर खेलती है। जातिवाद, परिवारवाद, दक्षिणपंथ, वामपंथ, राष्ट्रवाद, सब ऐसे ही जुमले हैं जिनका राजनीति में धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जाता है। नए दौर की राजनीति में तो सेकुलर और इंटेलेक्चुअल भी गाली है।



## संपादकीय

# सावधानी हटी, दुर्घटना घटी

क्या आपको डीके पांडा की याद है? वही डीके पांडा, जो 1971 बैच के उत्तर प्रदेश काडर के पुलिस अधिकारी के तौर पर जाने जाते थे और अचानक उन्होंने खुद को राधा के रूप में पेश करना शुरू कर दिया था। वह सोलह श्रृंगार कर ऑफिस जाने लगे थे और अपने नाम के आगे उन्होंने दूसरी राधा लिखना आरंभ कर दिया था। जब अपने मातहत और नजदीकी तक मजाक उड़ाने लगे, तो उन्होंने 'वॉलंटरी रिटायरमेंट' ले लिया था। पांडा अब प्रयागराज में रहते हैं। लोग उन्हें भूल गए थे, पर पिछले दिनों अचानक वह फिर चर्चा में आए, जब उन्होंने प्रयागराज के धूमनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई कि कुछ लोग उन्हें 'टेरर फंडिंग' के मामले में फंसाने की धमकी देकर आठ लाख रुपये वसूलना चाहते हैं। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिये उन्होंने 381 करोड़ रुपये की रकम अर्जित की थी। इस धनराशि को जब उन्होंने अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कराना चाहा, तो साइप्रस से किसी शख्स ने टेलीफोन किया।

> **खुद का परिचय आरव शर्मा के तौर पर देते हुए उसने कहा कि वह टैक्स के तौर पर आठ लाख रुपये जमा कराएं। शक होने पर जब पांडा ने थोड़ी पूछताछ की, तो कथित आरव शर्मा गाली-गलौज पर उतर आया। उसने धमकी दी कि आठ लाख रुपये अगर हमारे बताए खाते में ट्रांसफर न किए, तो तुम्हें 'टेरर फंडिंग' के मामले में फंसा दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की कोई खबर नहीं है। दूसरा मामला। श्रीमान वशिष्ठ बतौर बैंक प्रबंधक सेवानिवृत्त होकर अब नोएडा में रहते हैं।**

21 अक्तूबर की दोपहर उनके पास एक फोन आता है। फोन करने वाला कहता है कि आपके नाम से 'फेडेक्स' से जो कूरियर भेजा गया था, उसमें 16 फर्जी पासपोर्ट, 58 एटीएम कार्ड और 140 ग्राम ड्रग्स मिली है। वह शख्स उनकी एक कथित सीबीआई अधिकारी से बात कराता है, जो खुद को अनिल यादव बताता है। अनिल यादव यह भी कहता है कि उसके साथ हेड कांस्टेबल सुनील हैं। ये जालसाज उन्हें तीन घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखते हैं। उसी दौरान उन्हें बैंक की शाखा जाने का 'हुक्म' मिलता है। वह फोन किए हुए पते पर पहुंचते हैं और आठ लाख रुपये 'निर्दिष्ट' खाते में जमा कर देते हैं। कभी वह यहीं प्रबंधक हुआ करते थे, मगर खौफ ने उनके मुंह पर ताला जड़ दिया था। बाद में जालसाज उन्हें ऑनलाइन रसीद भी मुहैया कराते हैं। रसीद पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शशिकांत दास के फर्जी हस्ताक्षर हैं। इससे पूर्व भी जो अभिलेख उन्हें ऑनलाइन सौंपे गए थे, वे तकनीकी ज्ञान न रखने वाले लोगों को वास्तविक प्रतीत होंगे। खुद को सीबीआई का 'स्पेशल ऑफिसर' बताने वाला तथाकथित अनिल यादव वशिष्ठ साहब को अपना जाली पहचान-पत्र भी भेजता है। यह सब कुछ इतना सुनियोजित और सुविचारित था कि लंबे समय तक बैंक में सेवा कर चुका वह परिपक्व प्रोफेशनल तक गच्चा खा ही गया। थोड़ी देर बाद जब वशिष्ठ सदमे से उबरते हैं, तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास होता है। वह स्थानीय पुलिस से संपर्क करते हैं। पुलिस तत्काल ठगों द्वारा बताए गए खाते को 'सीज' करती है, लेकिन तब तक उसमें सिर्फ 49 हजार रुपये रह बचे थे। सुबह इस खाते का 'ओपनिंग बैलेंस' महज 20 रुपये था। अगले आठ घंटों में देखते-देखते चार करोड़, 48 लाख, 43 हजार रुपये इसमें जमा हो गए। इस बड़ी धनराशि को दिन भर में लगातार यूपीआई और आरटीजीएस से विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया जाता रहा। यह बैंक खाता ईश्वर फाइनेंस के नाम से मुंबई में खुला था। मतलब साफ है, जालसाजों की कई टीमें लोगों को फंसाने में जुटी थीं। तमाम निर्दोष उनके शिकार बने थे। ऊपर बताए गए दोनों मामले बेहद सनसनीखेज हैं। पहला एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से जुड़ा हुआ है, तो दूसरा तजुर्बेकार बैंक प्रबंधक से। ठगों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। डिजिटल ठगी या अरेस्ट के तमाम चेहरे हैं। भारत में तो यह एक कुटीर उद्योग के तौर पर पनप चला है। पहले सिर्फ झारखंड का जामताड़ा इसके लिए बदनाम हुआ करता था। अब मथुरा, मुजफ्फरनगर, मेवात, अलवर और न जाने कहां-कहां नौजवान 'इजी मनी' की चाहत में इसमें जुट पड़े हैं। प्रादेशिक पुलिस बल चाहकर भी ऐसे मामलों में बहुत कुछ नहीं कर पाते। उनके पास आवश्यक तकनीक और संसाधनों की कमी है। इसके अलावा वीआईपी ड्यूटी, कानून-व्यवस्था का संचालन एवं अपराधों की तफ्तीश के साथ कर्मचारियों की कमी रास्ते में रोड़ा बनती है। कोई आश्चर्य नहीं कि इन ठगों का धंधा दिन दोगुना रात-चौगुना बढ़ रहा है। भरोसा न हो, तो भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की इस प्रेस विज्ञप्ति पर नजर डाल देखिए। इस विज्ञप्ति के अनुसार, इस साल के शुरुआती तीन महीनों में ही 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिये लोगों से 120.3 करोड़ रुपये वसूले गए। इसके अलावा ट्रेडिंग के नाम पर 1,420.48 करोड़ रुपये, निवेश का झांसा देकर 222.58 करोड़ रुपये और डेटिंग घोटाले में 13.23 करोड़ रुपये का नुकसान आमजन को उठाना पड़ा है। साइबर सुरक्षा से जुड़ी कंपनी 'जैडस्केलर' के मुताबिक, साल 2023 में भारत में सात करोड़, 90 लाख से अधिक 'फिशिंग हमले' हुए। इनमें से 33 फीसदी की शिकार टेक्नोलॉजी कंपनियां बनीं। अमेरिका और ब्रिटेन के बाद 'फिशिंग अटैक' के मामले में भारत तीसरा सबसे बड़ा शिकार है। गौरतलब है कि संसार के सर्वाधिक संपन्न और सशक्त देश अमेरिका में सर्वाधिक यानी 56 फीसदी घटनाएं हुईं। इसके बाद ब्रिटेन का नंबर था। वहां समूचे संसार की 5.6 फीसद घटनाएं दर्ज की गईं। भारत 3.9 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। 'डिजिटल अरेस्ट' के प्रति जागरूकता की अहमियत कितनी है, आप इसका अंदाज इस बात से लगा सकते हैं कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसमें दखल देना पड़ा। उन्होंने मन की बात के पिछले एपिसोड में देशवासियों से कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर इस तरह की धमकी नहीं देती और न ही पैसों की मांग करती है। उन्होंने सूत्र दिया कि यदि कोई इस तरह का फोन करता है, तो 'रुको, सोचो, एक्शन लो।' मोदी ने देश को यह भी आश्वासन दिया कि इस तरह की घटनाओं से सरकार सख्ती से निपटेगी। ऐसे मामलों में सरकार तो जो करेगी, वह करेगी ही, परंतु सच यह है कि डिजिटल अरेस्ट अथवा फिशिंग अटैक से बचने के लिए हमें खुद जागरूक होना पड़ेगा। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि ठग अक्सर सुरक्षा अथवा सरकारी विभागों के अधिकारी का वेश धारण कर शिकार पर निकलते हैं। हमें इन भेड़ियों के झुंड से सतर्क रहना होगा।

नजरिया

# जनजाति समाज के लिए चलाई जा रही आर्थिक विकास की योजनाएं

***जनजाति समाज बहुत ही कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए देश में दूर दराज इलाकों के सघन जंगलो के बीच वनों में रहता है। जनजाति समाज के सदस्य बहुत ही कठिन जीवन व्यतीत करते रहे हैं एवं देश के वनों की सुरक्षा में इस समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। चूंकि यह समाज भारत के सुदूर इलाकों में रहता है अतः देश के आर्थिक विकास का लाभ इस समाज के सदस्यों को कम ही मिलता रहा है।***

प्रहलाद सबनानी

इसी संदर्भ में केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों ने विशेष रूप से जनजाति समाज के लिए कई योजनाएं इस उद्देश्य से प्रारम्भ की हैं कि इस समाज के सदस्यों को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके एवं इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद् तक आसान बनाया जा सके। भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज के सदस्यों को भारतीय राजनीति की मुख्यधारा में शामिल किए जाने के प्रयास भी किए जाते रहे हैं एवं इस समाज के कई प्रतिभाशाली सदस्य तो कई बार केंद्र सरकार के मंत्री, राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के पदों तक भी पहुंचे हैं। आज भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भी आदिवासी समाज से ही आती हैं।

केंद्र सरकार द्वारा जनजाति समाज को केंद्र में रखकर उनके लाभार्थ चलाई जा रही विभिन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष पोर्टल का निर्माण किया है। जिसकी लिंक है – भारत सरकार का राष्ट्रीय पोर्टल https://www.इंडिया.सरकार.भारत/ – इस लिंक को क्लिक करने के बाद खोजें के बॉक्स में जनजाति समाज को दी जाने वाली सुविधाएं टाइप करने से, भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की सूची निकल आएगी एवं इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रपत्रों की सूची भी डाउनलोड की जा सकती है।

जनजाति समाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को दो प्रकार से चलाया जा रहा है। कई योजनाओं का सीधा लाभ जनजाति समाज के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। साथ ही, कुछ योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों को विशेष केंद्रीय सहायता एवं अनुदान प्रदान किया जाता है और इन योजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। जैसे, जनजातीय उप-योजना के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जनजातीय विकास हेतु किए गए प्रयासों को पूरा करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता का मूल प्रयोजन पारिवारिक आय सृजन की निम्न योजनाओं जैसे कृषि, बागवानी, लघु सिंचाई, मृदा संरक्षण, पशुपालन, वन, शिक्षा, सहकारिता, मत्स्य पालन, गांव, लघु उद्योगों तथा न्यूनतम आवश्यकता संबंधी कार्यक्रमों से है। इसी प्रकार, जनजातीय विकास हेतु परियोजनाओं की लागत को पूरा करने तथा अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन स्तर को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भी अनुदान दिया जाता है। जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय स्थापित करने हेतु भी उक्त निधियों के कुछ हिस्से का प्रयोग किया जाता है।

राज्य सरकारों को वित्त उपलब्ध कराने सम्बंधी उक्त दो योजनाओं का केवल उदाहरण के लिए वर्णन किया गया है, अन्यथा इसी प्रकार की कई योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में जनजाति समाज के सदस्यों को सीधे ही लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से भी केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमे मुख्य रूप से शामिल हैं – (1) आदिवासी उत्पादों और उत्पादन विपणन विकास की योजना; (2) एमएसपी योजना की मूल्य श्रृंखला के विकास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के माध्यम से लघु वनोपज के विपणन हेतु योजना; (3) आदिवासी उत्पादों या निर्माण योजना के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहयोग की योजना; (4) आदिवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना; (5) जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की योजना; (6) जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के लिए अनुदान योजना; (7) उत्कृष्ट केन्द्रों के समर्थन के लिए वित्तीय सहायता योजना जिसका लाभ जनजातीय विकास और अनुसंधान क्षेत्र में काम कर रहे विश्वविद्यालयों और संस्थानों को दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य विभिन्न गैर सरकारी संगठनों की संस्थागत संसाधन क्षमताओं को बढ़ाना और मजबूत बनाना है ताकि इन अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालय के विभागों द्वारा आदिवासी समुदायों पर गुणात्मक, क्रिया उन्मुख और नीति अनुसंधान का संचालन किया जा सके; (8) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) और राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एसटीएफडीसी) को न्यायसम्य (इक्विटी) सहायता प्रदान करने की योजना। यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है और आदिवासी मामले मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है; (9) आदिवासी आवासीय विद्यालयों की स्थापना सम्बंधी योजना; (10) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना; (11) अनुसूचित जनजाति के छात्रों की योग्यता उन्नयन संबंधी योजना; (12) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना। उक्त समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी उक्त वर्णित पोर्टल पर उपलब्ध है।

इसी प्रकार केंद्र सरकार के साथ साथ कई राज्य सरकारें भी जनजाति समाज के लाभार्थ स्वतंत्र रूप से कुछ योजनाओं का संचालन करती है। मध्यप्रदेश, भारत के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में गिना जाता है एवं मध्यप्रदेश में विविध, समृद्ध एवं गौरवशाली जनजातीय विरासत है जिसका कि मध्यप्रदेश में न केवल संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है, अपितु जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास तथा जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कई प्रकार के कार्य भी किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में भारत की कुल जनजातीय जनसंख्या की 14.64त्न जनसंख्या निवास करती है। भारत में 10 करोड़ 45 लाख जनजाति जनसंख्या है, वहीं मध्यप्रदेश में 01 करोड़ 53 लाख जनजाति जनसंख्या है। भारत की कुल जनसंख्या में जनजातीय जनसंख्या का प्रतिशत 8.63 है और मध्यप्रदेश में कुल जनसंख्या में जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत 21.09 है। मध्यप्रदेश में जनजाति उपयोजना क्षेत्रफल, कुल क्षेत्रफल का 30.19त्न है। प्रदेश में 26 वृहद, 5 मध्यम एवं 6 लघु जनजाति विकास परियोजनाएं संचालित हैं तथा 30 माडा पॉकेट हैं। मध्यप्रदेश में कुल 52 जिलों में 21 आदिवासी जिले हैं, जिनमें 6 पूर्ण रूप से जनजाति बहुल जिले तथा 15 आंशिक जनजाति बहुल जिले हैं। मध्यप्रदेश में 89 जनजाति विकास खंड हैं। मध्यप्रदेश के 15 जिलों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया के 11 विशेष पिछड़ी जाति समूह अभिकरण संचालित हैं।

मध्यप्रदेश सरकार जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। (1) मध्यप्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल 15 जिलों में आहार अनुदान योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों की महिला मुखिया के बैंक खाते में प्रतिमाह रू. 1000 की राशि जमा की जाती रही है। (2) आकांक्षा योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जईई, नीट, क्लेट की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाती है। (3) प्रतिभा योजना के अंतर्गत जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शासकीय शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। (4) आईआईटी, एम्स, क्लेट तथा एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पर रू. 50 हजार रूपये की राशि तथा अन्य परीक्षाओं जेईई, नीट, एनआईआईटी, एफडीडीआई, एनआईएफटी, आईएचएम के माध्यम से प्रवेश लेने पर रू. 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती रही है। (5) महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले अनुसूचित जनजाति के जो विद्यार्थी गृह नगर से बाहर अन्य शहरों में अध्ययन कर रहे हैं, उन्हें वहां आवास के लिए संभाग स्तर पर 2000 रूपये, जिला स्तर पर 1250 रूपये तथा विकास खंड एवं तहसील स्तर पर 1000 रूपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता, आवास सहायता योजना के अंतर्गत प्रदान की जाती रही है। (6) इसी प्रकार की सहायता अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को विदेश स्थित उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन के लिए भी प्रदान की जाती है।(7) अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए प्रदेश के 89 जनजाति विकास खंडों में प्राथमिक शालाओं से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर की शालाएं संचालित की जा रही हैं जिनमें विद्यार्थियों को प्री-मेट्रिक तथा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। (8) मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति के ऐसे विद्यार्थियों, जो सिविल सेवा परीक्षा में निजी संस्थाओं द्वारा कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं, को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही अनसूचित जनजाति के प्रदेश के ऐसे विद्यार्थी, जो सिविल सेवा परीक्षा की प्राथमिक परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं, उन्हें 40 हजार रूपये, जो मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं उन्हें 60 हजार रूपये तथा साक्षात्कार सफल होने पर 50 हजार रुपए की राशि दी जाती रही है। (9) मध्यप्रदेश में जनजातीय लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों को लोकप्रिय करने तथा उनसे जनजाति वर्ग को लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से उनकी जी आई टैगिंग कराई जा रही है। प्रथम चरण में 10 जनजाति लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों की जीआई ट्रैगिंग कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

इस प्रकार, केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा जनजाति समाज के लाभार्थ अन्य कई प्रकार की विशेष योजनाएं सफलता पूर्वक चलाई जा रही हैं ताकि जनजाति समाज की कठिन जीवन शैली को कुछ आसान बनाया जा सके एवं जनजाति समाज को देश की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके।

**( लेखक केन्द्रीय संचार तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

# भारतीय रेलवेः पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित

एके खंडेलवाल, सेवानिवृत्त सदस्य इंफ्रा रेलवे बोर्ड, पदेन सचिव, भारत सरकार

भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल-यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं। सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है।

रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2फीसदी लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58 फीसदी और अमेरिका में मात्र 0.09 फीसदी है। भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023-24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर-और अंडर-ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा।

रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक च्प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्याज् (एपीएमटीके) है, जो 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013-14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही,उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है।

यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़कर, रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024-25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी। इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस-आधारित फॉग-पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014-15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013-14 में 10,000 से बढ़कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड-गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं।लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने प्रारंभिक, प्रगति-उन्मुख, पुनः अभ्यास और विशिष्ट जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए, एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना-रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिज़ाइन इस तरह किया गया है कि यह रेल के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की संभावना को कम करता है। टक्कर के दौरान एक-दूसरे पर चढ़ने से बचने के लिए इन्हें इस प्रकार से बनाया गया है कि ये 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पर भी सुरक्षित तरीके से परिचालित हो सकें। इसकी उत्पादन संख्या में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोच बनाए गए हैं, जो 2013-14 के 2,467 से दोगुने से भी अधिक हैं। इन सभी प्रयासों से भारतीय रेलवे पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो गई है। यात्री सुरक्षा और रेलवे में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास इसे एक सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन विकल्प बनाते हैं।

**( ये लेखक के विचार हैं।)**

# सिख अलगाववादियों पर हमले बेतुका और निराधार

सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कनाडाई मंत्री के आरोपों को बेतुका और निराधार' करार देते हुए खारिज कर दिया। इससे पहले नई दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया गया और उन्हें एक नोट सौंपा गया जिसमें कनाडाई मंत्री के आचरण पर नाराजगी जताई गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नोट में भारत सरकार ने कनाडा के उपमंत्री डेविड मॉरिसन के आरोप पर गहरी नाराजगी जताई। मॉरिसन ने एक संसदीय पैनल के समक्ष कहा था कि कनाडा में सिख अलगाववादियों पर हमले की साजिश के पीछे पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के एक शीर्ष पदस्थ अधिकारी थे।

दरअसल, कनाडा पुलिस ने जब से खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच के दौरान मिले सबूतों' के आधार पर भारत सरकार के एजेंटों का नाम लिया है, तब से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास उभर आई है। कनाडा पुलिस ने कहा है कि उसकी जांच में कनाडा में हत्याओं और हिंसक कृत्यों' और भारत सरकार के एजेंटों के बीच संबंधों का पता चलता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते दोनों ने एक दूसरे के राजनयिकों को वापस बुला लिया। कनाडा तनाव बनाए रखने का रवैया अपनाए हुए है, और बीते मंगलवार को कनाडाई मंत्री का बयान इसी सिलसिले का हिस्सा है। कनाडा आखिर, भारत के साथ संबंधों की कीमत पर इस प्रकार का रवैया क्यों अपनाए हुए है।

दरअसल, कनाडा में निकट भविष्य में चुनाव होने हैं, और वहां सिखों की खासी आबादी है, जिस पर अलगाववादी खासा प्रभाव रखते हैं। इनके मतों पर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की नजर है। इसलिए इन मतदाताओं के तुष्टिकरण की गरज से कनाडा गैर-जिम्मेदाराना हरकत किए जा रहा है। सबूत मांगे जाने की भी अनदेखी कर रहा है। राजनयिक परिपाटियों का घोर उल्लंघन' करने तक से नहीं चूक रहा। उसने भारत को साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची तक में डाल दिया है। कनाडा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को ऑडियो और वीडियो निगरानी में रखकर उनका उत्पीडऩ्' शुरू कर दिया है। वह हर वो कोशिश कर रहा है जिससे भारत के खिलाफ वैश्विक विमर्श को प्रभावित कर सके। जो भी आरोप लगा रहा है, उसके समर्थन में कोई प्रमाण भी पेश नहीं कर रहा। कहा जा सकता है कि कनाडा के व्यवहार में परिपक्वता का अभाव है।

**( आरएनएस )**



























# श्रीकंचनपथ

भिलाई-दुर्ग



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-

• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### राजस्व टैक्स वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान साथ-साथ चलाएगा निगम

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के निर्देशानुसार कार्य को सम्पादन करेंगे। निगम द्वारा टैक्स वसूली और स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए एक साथ अभियान चलाया जाएगा। बता दे कि 11 नवंबर से शुरू होने वाले यह विशेष अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा।इस अवधि में नगर निगम प्रशासन द्वारा 10 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है।अभियान प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान निगम कर्मी डोर टू डोर टैक्स वसूली के साथ सफाई कार्य भी देखेंगे। कमिश्नर ने की अपील-टैक्स जरूर पटाएं,शहर आपका है और यहां की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है,इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें। नगर निगम क्षेत्र में वर्षों से बकाया संपत्ति व अन्य करों की वसूली के लिए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आने वाले दिनों में नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर वार्डवार चलाए जाने वाले अभियान के दौरान राजस्व वसूली को लेकर भी अभियान चलाया जाएगा।इसके लिए कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा जोन वार कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। नगर निगम को चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में 15 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।जिसमे जोन 1 के 15 वार्डो के लिए प्र.राजस्व उपराजस्व निरीक्षक राम खिलावन शर्मा,जोन 2 के 15 वार्डो में प्र, राजस्व उपनिरीक्षक संजय मिश्रा,जोन 2 में राजस्व उपनिरीक्षक निशांत यादव एवं जोन 4 में प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक थान सिंह यादव को जिम्मेदारी तय किया गया है। आपको बता दे कि उक्त कर्मचारी प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक डोर टू डोर राजस्व वसूली करेंगे। इस दौरान डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में भी जानकारी लेंगे। ज्ञात हो कि आने वाले दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। इसे भी ध्यान में रखते हुए नगर निगम सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए कवायद कर रहा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है।

### दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय सुवा महोत्सव का समापन

# हमें हमेशा अपनी कला, संस्कृति व परंपराओं को सहेजकर रखने का प्रयास करना चाहिए- भूपेश बघेल

## 50 से अधिक सुआ नृत्य समूहों ने सैकड़ो भीड़ के बीच दी अपनी प्रस्तुतियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दीपावली के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन एवं आर्दश मित्र मंडल समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय सुआ महोत्सव का आयोजन रविवार को ग्राम पीपरछेड़ी में बड़े हर्ष उल्लास के सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस आयोजन के लिए समिति को बधाई दी आगे कहा है कि पहले छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली गतिविधियों से होती थी लेकिन पूर्व में हमारी सरकार ने राज्य की गौरवशाली परंपरा और पुरखों के सपनों को पूरा करने का काम शुरू किया था जिससे एक नई पहचान बनी, लेकिन आज़ राज्य में हर वर्ग के लोग भाजपा सरकार से परेशान है।





इस आयोजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर गांव के युवा सदस्यों ने ग्राम वासियों के सहयोग से काफी मेहनत किया था जिसका सुखद प्रतिफल रहा कि इस आयोजन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक पंजीयन हुए और हर उम्र की महिला समूह और ऊर्जावान बेटियों की टीम ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन करते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सबको अपनी जगह पर ही बैठे रहने के लिए मजबूर कर दिया। सभी प्रतिभागी मंडलीयों को आयोजक समिति द्वारा 1000 नगद, प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

ताम्रध्वज साहू ने भी उत्साही प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन में कोई कमी नहीं की। स्वयं भी इस आयोजन में 2 घंटे से अधिक समय रहकर सुआ नृत्य का आनंद लिया। आयोजित सुआ नृत्य महोत्सव को लेकर उन्होंने कहा कि दीपावली उत्सव पर छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप से सुआ नृत्य किया जाता रहा है. और कई जगहों पर छोटे-छोटे आयोजन होते रहते हैं उसी को वृहद स्वरूप देकर यह आयोजन पिछले साल से किया जा रहा है जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए हैं ऐसे कार्यक्रम हमारे कला और संस्कृति के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी और साथ ही युवा पीढ़ी को संगठित करने का कार्य करेगी।

इस प्रतियोगिता के सरक्षक केशव बंटी हरमुख ने कहा कि ऐसे आयोजन की महती आवश्यकता है, छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति को हम सबको मिलकर जीवंत रखना है इसीलिए हमने ऐसे आयोजन लगातार प्रतिवर्ष करने का संकल्प लिया है और यहां पर ऐसे आयोजन से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को एक नई दिशा मिलेगी इस आयोजन में आपसब की भागीदारी से यह आयोजन सफल रहा। सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये टीम रही विजेता

प्रतियोगिता में गायन पक्ष में प्रथम पुरस्कार , सुवा सखी सुवा नृत्य नेवई बस्ती दुर्ग,द्वितीय पुरस्कार गौरी गौरा सुवा दल सिलघट जिला बेमेतरा,तृतीय पुरस्कार जय बुढ़ा देव सुवा दल नंदखट्टी, चतुर्थ पुरुस्कार पिंजरा के सुवा दल कुशमुंडा जिला बलौदाबाजार एवं पंचम पुरुस्कार जय बुढ़ा देव सुवा दल जंजगिरी दुर्ग की टीम विजेता रही ।

वही इस प्रतियोगिता में रिकाडिंग सुवा डांस में प्रथम पुरुस्कार मोर सुवा डांस ग्रुप मरोदा, द्वितीय स्थान नगर पंचायत उतई, तृतीय पुरुस्कार मोर पड़की परेवना सुवा डांस ग्रुप कोटनी, चतुर्थ पुरुस्कार जय बजरंग सुवा दल रसमड़ा एवं पंचम पुरुस्कार जय माँ सुवा दल ग्राम मतवारी की टीम बनी विजेता

इस आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड, केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर,वन समिति सभापति लक्ष्मी साहू, पार्षद सीमा साहू, सहकारिता कांग्रेस अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव,सरपँच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, हरेंद्र देव, नोहर साहू, रुपेश देशमुख,बुध्वंतीन मधुकर, कृष्ण मूर्ति यादव, अजय वैष्णव, लेखन साहू, सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, दीपिका चंद्राकर, योगिता बंजारे,प्रीति वैष्णव, विक्की मिश्रा, मनीष वैष्णव, रिझन ठाकुर, सरपंच बालकिशन ठाकुर , परमिला साहू, मनोज साहू, आयोजन समिति के साहिल निषाद,छन्नू ठाकुर, राजा निषाद, अजय ठाकुर सहित आसपास ग्राम के क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपँच गण बड़ी संख्या में ग्रामवासी व विधानसभा क्षेत्र के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका में रमेश्वरी यादव, टिकेश्वरी लाल देशमुख कार्यक्रम का मंच संचालन खिलेंन्द्र यादव ने किया। यह जानकारी आयोजन समिति के सहयोजक राजेन्द्र साहू ने दी।

# आरईडी विभाग में शिरोमणी पुरस्कार समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में 08 नवम्बर 2024 को शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के ऐसे कार्मिक, जो अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों से ही सुरक्षा के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन करते हुए कंपनी के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए अपने कार्य में नवीनता का प्रदर्शन करते है।

उन्हें प्रबंधन द्वारा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) श्री प्रोसेनजीत दास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा, कि यह पुरस्कार कमेटी द्वारा उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ सुरक्षा के पालन करने के लिए दिया गया है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई व शुभकामनायें देते हुए कहा कि वे आशा करते हैं कि आगे भी सभी विजेता ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे। साथ ही आरईडी विभाग के समय से पहले कार्य निष्पादन हेतु उच्च प्रबंधन ने उनकी प्रशंसा की है, जिसका श्रेय सभी कार्मिको को जाता है।

राजेश कुमार सुमन एवं प्रकाश दास को पाली शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया। कर्म शिरोमणी पुरस्कार से दीपक कुमार वर्मा, राहुल सरकार, मोहम्मद इमरान, पूरन दास बंजारे एवं सूरज लाल को सम्मानित किया गया। साथ ही विजेताओं के जीवन साथी हेतु प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आर गोपालाकृष्णन तथा उप महाप्रबंधक सतीष कुमार अग्रवाल एवं आरईडी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। जिन्होंने सभी विजेताओं के कार्य शैली व सुरक्षा के प्रति जागरूकता की प्रशंसा करते हुए बधाई दी और भविष्य में भी अच्छा कार्य करने की प्रेरणा दी।

सभी कर्मचारियों को सुरक्षा एवं टीमवर्क को ध्यान में रखते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय व अति. श्रम कल्याण अधिकारी चैत राम साहू द्वारा किया गया।

# गुरुनानक देव जी की 555 वीं जयंती पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

## महापौर धीरज बाकलीवाल ने पंज प्यारों का अभिनंदन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आज गुरु नानक देव जी की 555 वीं जयंती पर नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महापौर धीरज बाकलीवाल श्रद्धापूर्वक शामिल हुए।महापौर धीरज बाकलीवाल ने पंज प्यारों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आर. एन. वर्मा, संजय कोहले, फतेह सिंह भाटिया, बृजेन्द्र भारद्वाज,परमजीत सिंह भुई, शिशिरकांत कसार सहित सिख समुदाय के हजारों लोग मौजूद रहे।



नगर कीर्तन के प्रारंभ में नगाड़ों और नरसिंगा (तुरही) की धुन गूंज रही थी। सबसे आगे पाँच निहंग घुड़सवार अपनी पारंपरिक वेशभूषा में थे,जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। नगर कीर्तन में पाइपर बैंड, गतका टीम और बाइकर टीम ने विशेष आकर्षण प्रदान किया। गतका टीम के बच्चों और वरिष्ठ सदस्यों ने पारंपरिक करतब दिखाए, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

नगर कीर्तन के मार्ग में पुरुष और महिला सेवादार सड़कों पर पानी डालकर और झाड़ू लगाकर सफाई करते चल रहे थे। पाँच प्यारे भी पारंपरिक वेशभूषा में चल रहे थे, जिनका स्वागत स्थानीय निवासियों ने पुष्प वर्षा से किया। फूलों से सुसज्जित एक खुले वाहन पर पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी शोभायमान थे। श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

नगर कीर्तन के दौरान पुरुषों और महिलाओं के कीर्तन जत्थों ने गुरुबानी का गायन किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर कीर्तन का जगह-जगह फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन का समापन गुरुद्वारा साहिब में हुआ।गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नगर कीर्तन ने शहर में श्रद्धा और एकता का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने गुरबानी के संग ध्यान लगाया और गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# रुआबांधा के निगरानी बदमाश पर संभागायुक्त की कार्रवाई एसपी के प्रतिवेदन पर जेल भेजने का दिया आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रुआबांधा बस्ती के निगरानी बदमाश नंदू कनौजिया को संभागायुक्त के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। दरअसल इस मामले में एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने स्थानीय लोगों की शिकायत पर संभागायुक्त को प्रतिवेदन भेजा था। एसपी के प्रतिवेदन पर कार्रवाई करते हुए संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने स्वापक, औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत न्यायालयीन आदेश पारित कर नंदू कनौजिया 6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है।




मिली जानकारी के अनुसार नंदू कनौजिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के कुल 7 मामले और नारकोटिक्स एक्ट के 4 मामले दर्ज कर कार्यवाही की गई है। इसके अलावा लड़ाई, झगड़ा एवं मारपीट के भी मामले लगातार दर्ज होते रहे हैं। जेल से छूटने के बाद नंदू कनौजिया लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं हुआ है। वर्तमान में भी शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिलती रही है। नंदू कनौजिया ने रुआबांधा के हर मोहल्ले में लड़कों का गेंग बना रखा है। जमानत पर छूटने से उसका मनोबल बढ़ता जा रहा है। वह अवैध रूप से शराब व गांजा जैसे नशीली पदार्थों का अवैध व्यापार करने का आदी हो गया है। उनके आपराधिक गतिविधियों से समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए उसे 6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के अनुसार नंदू कन्नौजिया के अपराधों पर अंकुश लगाने प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसके बाद भी इसकी आदतों में कोई सुधार नहीं हुआ, बल्कि यह अपराधी बन गया है। आम जनता इसके आतंक से त्रस्त है। लोग इसके खिलाफ रिपोर्ट करने का साहस करना तो दूर इसकी उपस्थिति की सूचना देने तक के लिए घबराते हैं। इसके खिलाफ दुर्ग में 16 विभिन्न अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस द्वारा आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर पृथक-पृथक न्यायिक दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये गये। संभागायुक्त राठौर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए 6 नवम्बर 2024 को न्यायालयीन आदेश पारित कर अपराधिक प्रवृत्ति में संलिप्त नंदू कनौजिया को केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने के आदेश दिये हैं।

# श्याम प्रभु का जन्मोत्सव दुर्ग में 12 को, सुबह निशान यात्रा निकलेगी, शाम को भजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** श्री श्याम मंदिर कादंबरी नगर दुर्ग में श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव 12 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन निशान यात्रा, श्याम प्रभु का दरबार, श्रृंगार, सवामनी प्रसादी और 56 भोग के साथ भजन संध्या का भी आयोजन होगा। मंदिर समिति के प्रमुख किशोरी लाल सिंघानिया ने बताया कि सुबह 8 बजे दीपक नगर स्थित गर्ग सदन से निशान यात्रा निकलेगी, जो ग्रीन चौक ओवर ब्रिज, धमधा रोड होते श्याम मंदिर पहुंचेगी। आदित्य नगर, हरी नगर, नेहरू नगर, खुर्सीपार और हाउसिंग बोर्ड भिलाई से भी श्याम भक्त निशान यात्रा लेकर श्याम मंदिर पहुंचेंगे। दोपहर में सवामणि और



56 भोग की प्रसादी लगेगी। शाम 7 बजे से भजन संध्या शुरू होगी, जिसमें दिल्ली से आए गायक हेमंत ठाकुर और कासगंज यूपी के अभिजीत सक्सेना भजनों से से प्रभु को रिझाएंगे। रामफल शर्मा, रमेश मित्तल, नारायण खेतान की देखरेख में वृंदावन से आए कारीगर द्वारा पूरे मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है।




## खास खबर...



### छत्तीसगढ़ प्रांतीय महिला अग्रवाल संगठन ने गोपाष्टमी पर गौमाता को खिलाया गुड व चारा

**रायपुर।** गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय महिला अग्रवाल संगठन ने महावीर गौशाला में गौ माता की पूजा-अर्चना करने के बाद रोली चांवल का तिलक आकर आरती की और गुड, हरा चारा व मिठाई खिलाया। महिला सदस्यो ने इसके बाद गौ माता के फेरे लगाकर आर्शीवाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर संरक्षक सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल, संरक्षिका अनिता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, महामंत्री निधि अग्रवाल, रायपुर अध्यक्षा प्रियंका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल, धार्मिक आयोग संयोजिका संगीता सरावगी, शशि अग्रवाल, सारिका खेतान, संतोष धनोदिया उपस्थित थे। उक्तशय जानकारी मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने दी।

### दूधाधारी मठ में मनाया गया अक्षय नवमी का त्यौहार

**रायपुर।** श्री दूधाधारी मठ में आंवला नवमी का त्यौहार श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया । सुबह 8 बजे श्रद्धालु भक्तजन श्री दूधाधारी मठ से राम नाम संकीर्तन करते हुए मठ मंदिर के समीप स्थित रामबाग के लिए रवाना हुए वहां पहुंचकर आंवला वृक्ष के नीचे विधिवत पूजा अर्चना की गई। आरती संपन्न होने के पश्चात भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की आराधना की गई तत्पश्चात सभी श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का भोग प्रसाद प्राप्त किया।

आंवला नवमी के संदर्भ में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने बताया कि- आंवला नवमी को अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है। धर्म शास्त्रों के अनुसार इस दिन माता लक्ष्मी ने भगवान श्री हरि एवं भगवान शिव की आराधना पूजन की थी इसलिए इस व्रत का बहुत महत्व है। श्रद्धा भक्ति एवं विश्वास पूर्वक इस व्रत को करने से हरि एवं हर दोनों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। माता लक्ष्मी भी प्रसन्न हो जाती है। श्री दूधाधारी मठ में आंवला नवमी का त्यौहार परंपरागत रूप से मनाया जाता है इस वर्ष भी यह पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया श्रद्धालु भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद प्राप्त कर अपना जीवन धन्य बनाया।राजेश्री महन्त जी महाराज ने समस्त प्राणी जगत के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से विजय पाली, मठ मंदिर के मुख्तियार राम छवि दास, देवेंद्र खपरे, पुरानी बस्ती से यदु, शर्मा, वीरेंद्र वैष्णव, गौरी पटेल, मोहनपुरी गोस्वामी, यश पांडे, परदेसी, पुजारी राम मनोहर दास, रामअवतार दास, रामदेव दास, राजा वैष्णव, हर्ष दुबे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित नागरिक उपस्थित थे।

# सुशासन में मातृशक्ति का योगदान अहिल्या जी का जीवन-टोपलाल

श्रीकंचनपथ न्यूज






**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह मनाया गया .इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता के तौर पर प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ टोपलाल वर्मा अहिल्याबाई होलकर समिति के सचिव संजय जोशी,सकल गुजराती समाज के अध्यक्ष कौशिक दत्ताकार तथा महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय कालेकर एवं महंत कॉलेज के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी की विशेष उपस्थित रही।

आयोजन में मुख्य प्रवक्ता टोपलाल वर्मा ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से जानकारी रखी उन्होंने बताया कि किस तरह से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का संपूर्ण जीवन सभी वर्गों के लिए समर्पित रहा है उनका कहना था कि देश में मंदिरों के पुनर्निर्माण का काम प्रारंभ हुआ है यह भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की विचारों की देन है। 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना में लोकमाता का स्थान रहा है न्याय प्रिय धार्मिक कार्यों में आगे बढ़कर हिस्सा के साथ ही सदाचारिता की शिक्षा देने पर अहिल्याबाई होल्कर का विशेष स्थान पाया जाता है। देश में दत्तक पुत्र की परंपरा को प्रारंभ करने का श्रेय भी लोक माता को है ,महिला सशक्तिकरण सामाजिक सुरक्षा इत्यादि में भी लोकमाता के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता उन्हें भ्रष्टाचार पसंद नहीं था वह एक न्याय प्रिय एवम सुशासन के लिए जानी जाती थी, आज भी पूरे देश में कठोर शासन व्यवस्था के साथ न्यायवादिता के लिए अहिल्याबाई होल्कर को जाना जाता है पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में भी देवी अहिल्याबाई होल्कर की विशेष भूमिका रही है जिसे आज देश आत्मसात करके आगे बढ़ रहा है उनके देखे गए सपने भारत एक हिंदू राष्ट्र बनेगा सशक्त राष्ट्र बनेगा इसी विचार पर देश की केंद्रीय शक्ति काम कर रही है अहिल्याबाई होल्कर की सोच एकात्मकता की रही है।

आयोजन में सकल गुजराती समाज के अध्यक्ष कौशिक दत्ताकार करने भी विचार रखें उन्होंने बताया कि समाज किस तरह से निरंतर कार्य कर रहा है अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनका कहना था कि पूरी मानवता के लिए कार्य करने वाली महिला रही है देश फिर से सोने की चिड़िया बनेगा यह सपना हम सभी भारतीय मिलकर पूर्ण करेंगे व्यक्ति को खुशी धन कमाने से नहीं मिल सकती किसी की समस्या को हल करने में खुशी मिल सकती है।

आयोजन की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी ने स्वागत उद्बोधन रखा और महारानी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए देश में चुनिंदा महारानी रही है जिनके नेतृत्व को पूरा देश समर्पित होकर स्मरण करता है और जानता है इसमें से महारानी देवी अहिल्याबाई होलकर रही है मुगल शासन व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर मुखर्जी ने कहा कि किस तरह से मुगल वंशियों ने देश की विरासत को मिटाने का प्रयास किया था कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. अर्चना मोढक के द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन प्रोफेसर अपूर्वा शर्मा ने रखा।

# परिवार व संतान की सुख-समृद्धि की कामना लिए महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी पर्व

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि पर महिलाओं ने रविवार को आंवला पेड़ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार और संतान की सुख- समृद्धि की कामना को लेकर आंवला पेड़ के नीचे कथा सुनी और भोजन ग्रहण किया। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाओं एवं माताओं ने बड़ी संख्या में आंवला पेड़ के पास पहुंचकर पूजा-अर्चना की। बताया जाता है कि आंवला नवमी को अक्षय नवमीं भी का जाता है।

रविवार को राजधानी रायपुर के अलावा शहर के अलग-अलग इलाकों में महिलाओं ने आंवला पेड़ के समीप एकत्रित होकर आंवला पेड़ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार और संतान की सुख-समृद्धि की कामना की। पेड़ के नीचे पूर्व दिशा में खड़े होकर जल और दूध अर्पित करने के बाद पूजा कर पेड़ के चारो तरफसूत लपेटकर परिक्रमा की। अंत में आंवले की आरती उतारकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाएं इस व्रत को संतान का सुख प्राप्त करने और उनकी मंगलकामना के लिए करती हैं।

शास्त्रों के अनुसार अक्षय नवमी के दिन किया गया पुण्य कभी समाप्त नहीं होता है । इस दिन जो भी शुभ कार्य जैसे दान, पूजा, भक्ति, सेवा आदि किया जाता है, उनका पुण्य कई-कई जन्म तक प्राप्त होता है । यह व्रत उत्तरी में भारत मनाया जाता है। इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे भोजन पकाया जाता है और परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन करते हैं।

### चार माह की निंद्रा के कल जागेंगे भगवान विष्णु, एकादशी से प्रारंभ होंगे विवाह

**रायपुर।** चार माह की निंद्रा के बाद भगवान विष्णु देवउठनी को जागेंगे और देवउठनी का पर्व 12 नवंबर को रवि योग, हर्षण योग, सर्वार्थ सिद्धी योग में मनाया जाएगा। इस दिन गोधुली बेला में घंटा, शंख की ध्वनि के बीच भगवान विष्णु को जगाया जाएगा। साथ ही तुलसी चौरा में गन्ने का मंडप सजाकर सालिग्राम भगवान और माता तुलसी का विवाह कराया जाएगा। इसके साथ ही मांगलिक कार्य, गृह प्रवेश, विवाह के लिए मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। पंडितों ने बताया कि आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी से 4 माह के लिए भगवान विष्णु निंद्रा में चले जाते हैं। कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन देवउठनी एकादशी के दिन भगवान नींद से जागते हैं। भगवान के निंद्रा अवस्था में होने के कारण विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर पूरी तरह से ब्रेक लग जाता है। इस साल 11 नवंबर को शाम 6.46 बजे से एकादशी तिथि प्रारंभ हो रही है। 12 नवंबर को शाम 4.45 बजे तक एकादशी रहेगी। उदय तिथि में ही पर्व मनाने का विधान है इसलिए एकादशी का पर्व 12 नवंबर को मनाया जाएगा।

#### विवाह के लिए शुभ मुहूर्त

देव पंचाग के अनुसार 12 नवंबर देव उठनी एकादशी के बाद से विवाह के लिए कई शुभ मूहूर्त है। नवंबर में 12, 22, 23 और 27 तारीख तक विवाह के लिए मुहूर्त है। इसी तरह दिसंबर में 4, 6, 7, 7, 12, 14 तक शुभ मुहूर्त है। इसके बाद धनुर्मास शुरू हो जाएगा। इस माह में विवाह समेत जनेऊ संस्कार, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर फिर से ब्रेक लग जाएगा। पश्चात 2025 में 16 जनवरी से विवाह सहित मांगलिक कार्य शुरू होंगे। इस माह में 17, 21, 22 दिसंबर तक विवाह के लिए मुहूर्त है। फरवरी में 4, 5, 6, 7, 13, 18, 20 21, 25 तथा मार्च में 3, 5 और 6 तक मुहूर्त हैं।

# विवेकानंद नगर में पंचाह्निका महोत्सव में 18 हजार गुरुओं की वंदनावली



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में 8 नवंबर से पंचाह्निका महोत्सव भक्तिमय वातावरण में शुरू हो गया है। मुनि जयपाल विजयजी म.सा., मुनि प्रियदर्शी विजयजी म. सा, मुनि तीर्थप्रेम विजयजी म. सा,साध्वी रत्ननिधिश्रीजी म.सा, साध्वी रिद्धिनिधि श्रीजी म.सा आदि ठाणा के शुभ सानिध्य में 12 नवंबर तक पंचाह्निका महोत्सव आयोजित होगा। महोत्सव के प्रथम दिन 18 हजार गुरुवन्दनावली का कार्यक्रम हुआ।

22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ के भाई कृष्ण वासुदेव को जब ज्ञात हुआ कि उनके भाई तीर्थंकर बन गए हैं तो उन्हें वंदना करने गए। नेमीनाथ भगवान के 18000 शिष्यों को उन्होंने वंदन किया, उसी के निमित्त आज महोत्सव के प्रथम दिन 18000 गुरुओं का वंदन किया गया। गुरु गौतम स्वामी से लेकर 18 गुरुओं की महिमा का व्याख्यान करते हुए उन्हें सविधि वंदन किया गया। इसी तरह सभी गुरुओं की महिमा का वर्णन करते हुए सविधि वंदन किया गया।

इस अवसर पर लाभार्थी परिवार द्वारा सभी गुरुओं को रजत अक्षत से बधाया गया एवं गुरु पूजन किया गया। अहमदाबाद से आए गीतकार हर्षिल शाह ने संगीतमय प्रस्तुति से गुरुओं की महिमा का वर्णन भजन के द्वारा किया। मुनि प्रियदर्शी विजयजी म.सा. एवं मुनि तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने गुरुओं की महिमा का व्याख्यान किया। 9 नवंबर को गुरु पादुका पूजन सप्तर्षि वंदना हर्षिल शाह के संगीतमय कार्यक्रम के साथ होगी।

# कल से बच्चों व कर्मचारियों को लंबी छुट्टी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवंबर का महीना इस बार स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए खासा खुशियों से बीत रहा है। इस महीने कई महत्वपूर्ण त्यौहार आने के कारण स्कूलों में छुट्टियां लगी हुई है। दिवाली की लंबी छुट्टी मिलने के बाद फिर से बच्चों व कर्मचारियों को लंबी छुट्टी मिलेगी। इस सप्ताह 12, 13, 14 व 15 नवंबर को 4 दिनों की छुट्टी रहेगी। वहीं रविवार को मिलकर कुल 7 दिन की छुट्टी मिलेगी।

राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा में 13 नवंबर को चुनाव होना है। इसे लेकर निर्वाचन आयोग जोर-शोर से तैयारी में जुटी हुई है। वहीं अब उपचुनाव के तहत मतदान दिवस के पूर्व यानी 12 नवंबर को मतदान केन्द्र वाले शासकीय व प्राइवेट स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। उप निर्वाचन के लिए 12 नवंबर को मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और मतदान केन्द्र के लिए उन्हें रवाना किया जाएगा।

13 नवंबर को रायपुर में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस दिन दक्षिण विधानसभा चुनाव के कारण प्राइवेट और सरकारी स्कूल बंद रहेंगे। इसके अलावा बैंकों की छुट्टी भी रहेगी।

14 नवंबर को स्कूलों में बाल दिवस मनाया जाएगा। इस दिन ज्यादातर स्कूलों में रंगारंग कार्यक्रम बनाया जाएगा। कुछ स्कूलों में फुल डे मस्ती होती है तो कुछ में हाफडे क्लासेस लगती हैं। वहीं, कई स्कूलों में इस अवसर पर छुट्टी दे दी जाती है।

15 नवंबर शुक्रवार को गुरु नानक देव की जयंती है। इसके अलावा कार्तिक पूर्णिमा और गुरु पर्व भी है। इस दिन भी स्कूल, कॉलेज, बैंक आदि बंद रहेंगे।

# जैतूसाव मठ में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया आंवला नवमी का त्यौहार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित जैतू साव मठ में में आंवला नवमी का त्यौहार रविवार को श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया । पदोपहर 12.00 बजे पूजा अर्चना का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आंवला वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी तथा राधा -कृष्ण जी की मूर्ति को चांदी के सिंहासन पर आरूढ़ करके विधिवत पूजा अर्चना की गई। भगवान की स्तुति कर उन्हें भोग अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं तथा श्रद्धालु भक्तों ने आंवला वृक्ष की परिक्रमा की और भगवान से आशीर्वाद मांगा, सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया ।

उल्लेखनीय है कि आंवला नवमी के त्यौहार को अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है श्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने आंवला नवमी के त्यौहार के संदर्भ में कहा कि- जो भी श्रद्धालु भक्त आंवला नवमी के व्रत को विधिवत पूरा करता है उसे माता लक्ष्मी एवं भगवान श्री हरि की विशेष कृपा प्राप्त होती है, इस लोक में सुख संपत्ति की प्राप्ति होती है साथ ही उसे मोक्ष की प्राप्ति भी सुलभ हो जाती है। मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य अजय तिवारी ने आंवला नवमी के वैज्ञानिक आधार को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि -आंवला नवमी आध्यात्मिक रूप से हमें भगवत भक्ति प्रदान तो करता ही है साथ ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी यदि हम देखें तो आंवला विटामिन सी का बहुत बड़ा स्त्रोत है यह लोगों को सर्दी खांसी से बचाता है शरद ऋतु के बाद अब शीत ऋतु प्रारंभ हो गई है इसलिए इसका उपयोग हमारे पूर्वज लोग करते आ रहे हैं यह मनुष्य में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी उत्पन्न करता है सभी दृष्टि से आंवला नवमी का त्यौहार अति उत्तम है। इस अवसर पर इस अवसर पर महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, पुजारी सुमित तिवारी, शालिनी अग्रवाल, शैल अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रमेश यदु चंद्रकांत यदु, गोविंद, दीपक, व बड़ी संख्या में गुरुकुल विद्यार्थी उपस्थित थे ।



# केशकाल घाट में 15 दिन का मेगा बंद, यातायात रहेगा प्रभावित, किया वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

## 19 करोड़ 61 लाख से किया जाएगा नवीनीकरण कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोण्डागांव।** खस्ताहाल केशकाल घाट के सड़क नवीनीकरण और मरम्मत कार्य रविवार से शुरू कर दिया गया है। इसके चलते घाट पर वाहनों के आवागमन को रविवार 10 नवंबर से 25 नवंबर तक पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसडीएम केशकाल द्वारा इस संबंध वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश डांडे ने प्रेस वार्ता में केशकाल घाट उन्नयन के दौरान वैकल्पिक मार्ग निर्धारण योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के किमी. 162.600 से किमी. 167.000 के हिस्से पर कांक्रीटिंग और डामरीकरण कार्य किया जाएगा। इस कार्य को लेकर यात्रियों की सुविधा और सुचारु यातायात के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है। यात्री बसों के लिए - रायपुर और जगदलपुर दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों के लिए जगदलपुर-कोण्डागांव-केशकाल (विश्रामपुरी चौक) - विश्रामपुरी (मचली) गोविन्दपुर-दुधावा-कांकेर-धमतरी-रायपुर मार्ग निर्धारित की गई है। दो पहिया, चार पहिया सवारी वाहन एवं इमरजेंसी वाहन - रायपुर की ओर से आने वाले वाहन रायपुर-धमतरी-कांकेर-केशकाल घाट होते हुए कोण्डागांव-जगदलपुर जा सकेंगी। इसी प्रकार जगदलपुर से आने वाले वाहन जगदलपुर-कोण्डागांव-केशकाल (बटराली)- रांधा-उपर मुरवेण्ड-मुरनार-एनएच-30-कांकेर धमतरी-रायपुर जा सकेंगी। मालवाहक और भारी वाहन के लिए - जगदलपुर से रायपुर की ओर जाने वाले वाहन जगदलपुर-कोण्डागांव-केशकाल (विश्रामपुरी चौक) - विश्रामपुरी-मालगांव (कौंदकेरा नाका होते हुए) बोरई-नगरी-दुगली-कुरुद-रायपुर जा सकेंगी।

इसी प्रकार रायपुर एवं राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन रायपुर-धमतरी-कांकेर भानूप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-कोण्डागांव- जगदलपुर जाएंगी। नारायणपुर/रावघाट से भारी वाहन - नारायणपुर-रावघाट-अंतागढ़-भानुप्रतापपुर-कांकेर-दल्लीराजहरा-राजनांदगांव-धमतरी-रायपुर जाएंगी। जिला प्रशासन ने यात्रियों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे घोषित वैकल्पिक मार्गों का पालन करें और यात्रा की योजना बनाते समय इनका उपयोग सुनिश्चित करें। कार्य की समाप्ति के बाद घाट पर यातायात पुनः सुचारु रूप से शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान 24 घंटे पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तैनात रहेगी और चेक पोस्ट में चिकित्सक के टीम भी उपलब्ध रहेगी।















# फिट रखने में सहायक है लेटरल बैंड वॉक, जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें



लेटरल बैंड वॉक एक अहम एक्सरसाइज है, जो कूल्हों की स्थिरता और ताकत को बढ़ाने में मदद करता है।यह एक्सरसाइज खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो दौड़ते, खेलते या काम के कारण लंबे समय तक खड़े रहते हैं।इस लेख में हम लेटरल बैंड वॉक के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा करेंगे और जानेंगे कि इसे कैसे सही तरीके से किया जा सकता है और इसे करते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

## लेटरल बैंड वॉक का महत्व

लेटरल बैंड वॉक कूल्हों की मांसपेशियों को मजबूत करने का एक बेहतरीन तरीका है।यह ग्लूटस मेडियस और मिनिमस मांसपेशियों को सक्रिय करता है, जो कूल्हों की स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।इसके नियमित अभ्यास से न केवल चोट लगने का खतरा कम होता है बल्कि शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है और चलने-फिरने में आसानी होती है।यह एक्सरसाइज खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो दौड़ते हैं या खेल खेलते हैं।

## लेटरल बैंड वॉक करने का तरीका

लेटरल बैंड वॉक करते समय सही तकनीक अपनाना बहुत जरूरी है।सबसे पहले अपने पैरों के चारों ओर एक रेजिस्टेंस बैंड बांधें और घुटनों को हल्का मोड़ें, फिर धीरे-धीरे एक पैर को साइड में उठाएं और दूसरे पैर को उसके पास लाएं। इस प्रक्रिया को दूसरी दिशा में दोहराएं।ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी होनी चाहिए और पेट अंदर खींचा हुआ होना चाहिए।

## नियमित अभ्यास करें

लेटरल बैंड वॉक का अधिकतम लाभ पाने के लिए इसे नियमित रूप से करना जरूरी है। सप्ताह में कम से कम तीन बार इस एक्सरसाइज का अभ्यास करें।हर सेट में 10-15 कदम लें और धीरे-धीरे इसकी संख्या बढ़ाते जाएं। शुरुआत में हल्के रेजिस्टेंस वाले बैंड का उपयोग करें ताकि आप आसानी से इसे कर सकें।सही तकनीक अपनाना भी जरूरी है ताकि आपको इसका पूरा लाभ मिल सके और किसी प्रकार की चोट से बचा जा सके।

## अन्य एक्सरसाइज के साथ संयोजन

लेटरल बैंड वॉक को अन्य एक्सरसाइज के साथ मिलाकर करने से इसका प्रभाव बढ़ जाता है।स्क्वाट्स, लंजेस और ग्लूट ब्रिज जैसी एक्सरसाइज भी कूल्हों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।इन सभी एक्सरसाइज का संयोजन आपके फिटनेस स्तर को बेहतर बनाएगा और आपकी कूल्हों की स्थिरता को और भी बढ़ाएगा।नियमित अभ्यास से न केवल आपकी ताकत बढ़ेगी बल्कि चोट लगने का खतरा भी कम होगा और आपका शरीर संतुलित रहेगा।

## इस एक्सरसाइज को करते समय बरतें ये सावधानियां

लेटरल बैंड वॉक एक सुरक्षित एक्सरसाइज माना जाता है, लेकिन कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है। अगर आपको किसी प्रकार का दर्द या असुविधा महसूस हो तो तुरंत रुक जाएं और किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।इसके अलावा शुरुआत में हल्के रेजिस्टेंस वाले बैंड का उपयोग करें ताकि आप आसानी से इसे कर सकें।इस प्रकार लेटरल बैंड वॉक न केवल आपके कूल्हों की स्थिरता बढ़ाता है बल्कि आपके पूरे शरीर की ताकत भी सुधारता है।

# आजाद से राशा थडानी की पहली झलक आई सामने, अमन देवगन दिखे साथ






अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से वह अपनी पहली फिल्म आजाद को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में राशा की जोड़ी अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ बनी है।अब आजाद से राशा की पहली झलक सामने आ चुकी है। सामने आए पोस्टर में वह अमन के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री को प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।

राशा और अमन के अलावा फिल्म आजाद में अजय देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक कपूर ने संभाली है। अजय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, हर यादगार कहानी की शुरुआत एक प्रेम कहानी से होती है।डायना पेंटी, मोहित मलिक और पीयूष मिश्रा जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# अक्षय कुमार की भूत बंगला में शामिल हुई वामिका गब्बी?


अक्षय कुमार ने अपने जन्मदिन पर हॉरर-कॉमेडी भूत बंगला की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई रही है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म की टीम में शामिल हो गई हैं।

फिल्म की नायिका के साथ साथ इसकी शूटिंग के बारे में भी दिलचस्प जानकारी सामने आई है। फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वामिका ने डिजिटल दुनिया में अपने काम से सभी को प्रभावित किया है और अब वह बेबी जॉन और भूत बंगला जैसी फिल्मों के साथ थिएटर मीडियम पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने डॉटेड लाइन्स साइन कर ली हैं और भूत बंगला में उनकी भूमिका दमदार है, जो सिनेमा देखने वाले दर्शकों के बीच हंसी का माहौल पैदा करेगी।

दावा किया गया कि अक्षय और वामिका भूत बंगला में एक अनोखी भूमिका में नजर आएंगे और इस बारे में विस्तृत जानकारी गुप्त रखी गई है। बताया गया है कि वामिका के अलावा फिल्म में दो और महिला कलाकार होंगी। यह हॉरर तत्वों से भरपूर एक कॉमिक कैपर है, जिसमें एक ही घर में तीन लड़कियां हैं। साथ ही परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसे पागल कलाकारों की टोली भी है। भूत बंगला के लिए और कास्टिंग चल रही है।

अक्षय कुमार ने मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा था, साल दर साल मेरे जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद। इस साल का जश्न भूत बंगला के पहले लुक के साथ मना रहा हूं। मैं 14 साल बाद फिर से प्रियदर्शन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। यह ड्रीम कोलेबोरेशन लंबे समय से आ रहा था। इस अविश्वसनीय यात्रा को आप सभी के साथ साझा करने का इंतजार नहीं कर सकता। जादू के लिए बने रहें। लुक में अक्षय कुमार दूध पीते हुए दिखाई दे रहे थे, जबकि एक काली बिल्ली उनके कंधे पर बैठी थी।


इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि इसमें काला जादू होगा, जिसमें अक्षय तीन अभिनेत्रियां के साथ काम करेंगे। फिल्म का ज्यादातर हिस्सा हैदराबाद, केरल के एक जंगल, श्रीलंका में शूट किया जाएगा। चर्चा यह भी है कि फिल्म में कियारा आडवाणी, कीर्ति सुरेश और आलिया भट्ट हो सकती हैं।



### नेटफ्लिक्स पर आएगी नयनतारा

# बियॉन्ड द फेयरी टेल, नयनतारा की डॉक्यू फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा

**अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी डॉक्यू फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसका नाम नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल है। इस फिल्म में अभिनेत्री के निजी जिंदगी से जुड़े अनसुने पहलुओं को दिखाया जाएगा। अब इस डॉक्यू फिल्म पर नई जानकारी सामने आई है। नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल नवंबर में नेटफ्लिक्स पर आएगी। स्ट्रीमिंग पार्टनर ने डॉक्यू-फिल्म का पोस्टर जारी किया और इसके रिलीज की तारीख से पर्दा भी उठाया।**




शुरुआत में डॉक्यूमेंट्री फिल्म नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल एक शादी की फिल्म के रूप में शुरू हुई थी। फिर बाद में यह उनके शानदार करियर और उनके पारिवारिक जीवन के बारे में एक डॉक्यू-फिल्म में बदल गई। डॉक्यूमेंट्री में सरोगेसी के जरिए अभिनेत्री के मां बनने और उससे जुड़े विवाद को भी दिखाया गया है।

नेटफ्लिक्स ने नयनतारा की फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए खुलासा किया कि यह डॉक्यू फिल्म 18 नवंबर को रिलीज होगी। इस दिन नयनतारा का जन्मदिन भी है। ऐसे में नयनतारा की फिल्म उनके जन्मदिन पर प्रशंसकों के लिए एक तोहफा होगा। नेटफ्लिक्स इंडिया साउथ ने एक्स पर डॉक्यूमेंट्री की रिलीज की तारीख की घोषणा की। डॉक्यूमेंट्री का रन-टाइम एक घंटा 21 मिनट है। पोस्टर में नयनतारा पीछे देखती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि पैपराजी उनकी तस्वीरें क्लिक करते हुए नजर आ रहे हैं।

पोस्टर को साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, एक स्टार ऑन-स्क्रीन और एक स्टार इन लाइफ। 18 नवंबर को नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल देखें, केवल नेटफ्लिक्स पर। दो साल पहले नेटफ्लिक्स पर नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल का टीजर रिलीज किया गया था। टीजर में नयनतारा और विग्नेश शिवन को अपने रिश्ते और अपनी शादी की तैयारियों के बारे में बात करते हुए देखा गया था। उन्होंने प्रशंसकों द्वारा उन्हें दिए गए टैग और अपने करियर विकल्पों के बारे में भी बात की।


नयनतारा को उनके प्रशंसक लेडी सुपरस्टार के नाम से जानते हैं। वह दो तमिल फिल्मों, टेस्ट और मन्नंगट्टी सिंस 1960 की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। वह वर्तमान में अभिनेता कविन के साथ एक अनाम फिल्म और निविन पॉली के साथ डियर स्टूडेंट्स की शूटिंग कर रही हैं।

# गुलाबी साड़ी पहन जाह्नवी कपूर ने इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की शोख अदाओं पर दिल हार गए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। धड़क गर्ल जाह्नवी कपूर बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका ग्लैमरस लुक और कातिलाना अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जाह्नव कपूर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। जाह्नवी कपूर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए सो ब्यूटिफुल लिखा है। दूसरे यूजर ने लिखा है बेहद हॉट।



# क्या पतले दिखना ही फिट होने की निशानी है? जानिए इसकी सच्चाई

**अक्सर यह माना जाता है कि जो लोग पतले होते हैं, वे हमेशा फिट और स्वस्थ होते हैं, लेकिन क्या यह सच में सही है?इस लेख में हम इस बात को समझने की कोशिश करेंगे और जानेंगे कि फिटनेस का असली मतलब क्या होता है।फिटनेस सिर्फ पतला होने से नहीं आती, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का ध्यान रखना जरूरी होता है इसलिए केवल वजन देखकर किसी के स्वास्थ्य का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।**



## वजन और स्वास्थ्य का संबंध

वजन और सेहत का सीधा संबंध नहीं होता। कई बार पतले लोग भी अंदरूनी बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं, जैसे दिल की बीमारी, मधुमेह या उच्च रक्तचाप। पतला होना हमेशा सेहतमंद होने का संकेत नहीं होता।इसके अलावा कई बार मोटे लोग भी पूरी तरह से स्वस्थ हो सकते हैं इसलिए केवल वजन देखकर किसी के स्वास्थ्य का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।फिटनेस के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत का ध्यान रखना जरूरी है।

## मांसपेशियों की मजबूती है जरूरी

फिटनेस सिर्फ पतला होने से नहीं आती, बल्कि मांसपेशियों की मजबूती भी अहम होती है। अगर आपकी मांसपेशियां मजबूत नहीं हैं तो आप जल्दी थक सकते हैं और चोटिल भी हो सकते हैं।इसके लिए नियमित एक्सरसाइज करना जरूरी है, जिससे आपकी मांसपेशियां मजबूत रहें और आप शारीरिक रूप से सक्रिय रह सकें। लाभ के लिए योग, स्ट्रेचिंग और वेट ट्रेनिंग जैसी एक्सरसाइज बहुत फायदेमंद होती हैं।इससे न केवल आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी बल्कि आपका स्टैमिना भी बढ़ेगा।

## सही खान-पान का महत्व

सिर्फ पतला होना ही काफी नहीं, सही खान-पान भी बहुत जरूरी है। अगर आप जंक फूड खाते रहते हैं तो आपका शरीर अंदर से कमजोर हो सकता है, चाहे आप बाहर से कितने ही पतले क्यों न दिखें।संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है, जिसमें प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल्स शामिल हों।इसके अलावा हरी सब्जियां और फल भी आपके आहार का हिस्सा होने चाहिए ताकि आपका शरीर स्वस्थ और मजबूत बना रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य पर दें ध्यान

फिटनेस सिर्फ शारीरिक ही नहीं होती, मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी होता है।तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याएं आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं।योग, मेडिटेशन और अन्य एक्सरसाइज आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।इसलिए यह कहना गलत होगा कि सिर्फ पतले लोग ही फिट होते हैं। असली फिटनेस शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहने में होती है।

# पात्र किसानों को धान उपार्जन केंद्रों में न हो किसी प्रकार की परेशानी-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** प्रदेश सहित कोरबा जिला में खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के तहत 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक होने वाली धान उपार्जन की तैयारी को लेकर कलेक्टर अजीत कुमार वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिए कि जिले के पात्र किसानों से धान खरीदी के लिए सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए, सकारात्मक वातावरण बनाएं। इसके साथ ही अवैध धान की खरीदी बिक्री को रोकने के लिए कोचियों, बिचैलियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

उन्होंने धान खरीदी की आरंभिक तैयारी के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, कृषि, खाद्य, सहकारिता, विपणन संघ, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं मंडी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन के लिए सभी एसडीएम अपने अनुभाग के नोडल अधिकारी होंगे और धान उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता स्वीकार नहीं की जायेगी। इसके लिए उन्होंने सभी को सर्तक होकर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देश दिए कि धान उपार्जन प्रक्रिया में संलग्न अधिकारी कर्मचारी धान उपार्जन हेतु शासन द्वारा निर्धारित नई नीति, दिशा निर्देशों का पूर्णतः पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन की सुचारू प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिस धान उपार्जन केंद्र पर धान चबूतरा नहीं है वहां पर दो लेयर में ड्रेनेज सुनिश्चित करें। इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों का सत्यापन करा लिया जाए। यदि किसी केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में तकनीकी खराबी आती है तो उसी दिन उसका सुधार कराकर मशीन से ही धान का तौल किया जाए। कलेक्टर ने बताया कि अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी निर्धारित की गई है। धान कॉमन के लिए 2300 रुपए प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड ए के लिए 2320 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उपार्जन हेतु लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 2 टोकन तथा बड़े किसानों के लिए 3 टोकन जारी किए जाएंगे। मोबाइल ऐप टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से आसानी से टोकन प्राप्त कर धान उपार्जन किया जाएगा। इसके साथ ही समिति के माध्यम से रविवार से शुक्रवार तक सुबह 9: 30 बजे से शाम 5 बजे तक टोकन जारी किए जाएंगे। धान खरीदी के लिए किसानों को न्यूनतम 7 दिवस के बाद का टोकन जारी किया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर श्री वसंत द्वारा धान की रिसाईकलिंग रोकने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदारों एवं संबंधित विभागो को सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में अवैध धान खरीदी को रोकने हेतु गठित जांच दल को निरंतर प्रभार क्षेत्र में निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया तथा कोचियों/बिचैलियों एवं धान खरीदी केन्द्रो में अनियमितता पाए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण निर्मित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रो में धान खरीदी से पूर्व सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कराते हुए 14 नवम्बर 2024 से सभी धान उपार्जन केन्द्रो के माध्यम से धान खरीदी कराने हेतु नोडल अधिकारी सीसीबी कोरबा को निर्देशित किया। जिले के पंजीकृत वास्तविक किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी करने के आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। बैठक में विगत वर्षो में धान विक्रय नही करने वाले किसानों द्वारा इस वर्ष धान विक्रय करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा भौतिक सत्यापन कर धान खरीदी करने हेतु निर्देशित किया गया।कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रो की आरंभिक व्यवस्था के लिए उपयुक्त स्थल का चयन (न्यूनतम बफर 7200 क्विंटल एवं समतल भूमि), विद्युत व्यवस्था, कम्प्युटर सेट, यूपीएस, इंटरनेट कनेक्शन, डाटा एंट्र ऑपरेटर की व्यवस्था, हमाल, मानव संशोधन, पॉलिथीन, बैनर, पोस्टर, पीने का पानी, प्राथमिक उपचार पेटी, समर्थन मूल्य के प्रदर्शन हेतु बैनर, बायोमेट्रिक डिवाईस, आर्द्रतामापी यंत्र, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, कांटाबांट, नापतौल विभाग से सत्यापन, स्थानीय स्तर पर निगरानी समिति, शिकायत कॉल सेंटर नंबर, बारदानो की उपलब्धता, नये बारदाने, पुराने बारदाने, पीडीएस बारदाने,रंग सुतली, नोडल अधिकारी /खाद्य अधिकारी/ अन्य अधिकारियों के नंबरों का प्रदर्शन के निर्देश दिए।

## पुरातात्विक धरोहरों में कल्चुरी राजाओं का योगदान : देवांगन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** भगवान सहस्त्रबाहु जयंती: मारोह का आयोजन सर्ववर्गीय जायसवाल समाज ने भव्य शोभायात्रा निकालकर व महाआरती के साथ-साथ भंडारा व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ समाज के प्रतिभावान लोगों का सम्मान कर जयंती समारोह का आयोजन कर बड़े धूमधाम से मनाया।

सर्ववर्गीय जायसवाल समाज द्वारा पुराना बस स्टैण्ड स्थित रामजानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा का समाज के संस्थापक आनंद प्रसाद जायसवाल व अशोक जायसवाल, श्रीमती चंदा, कंचन, पल्लवी जायसवाल ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना कर मुख्य मार्ग से निकाली गई शोभायात्रा मिशन रोड स्थित जायसवाल कल्चुरी भवन में संपन्न हुई। जहां स्वजातीय बंधुओं ने सहस्त्रार्जुन की पूजा-अर्चना कर महाआरती का आयोजन किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के श्रम, उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन के बतौर प्रतिनिधि पहुंचे पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए समारोह को संबोधित करते हुए श्री देवांगन ने छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में भगवान सहस्त्रबाहु को मानने वालों को समृद्ध और शिक्षित समाज बताते हुए कहा कि आज समाज के युवा उच्च पदों पर है। यहाँ के शिलालेखों और अन्य पुरातात्विक धरोहरों में कल्चुरी राजाओं के महत्वपूर्ण योगदान का पता चलता है। श्री देवांगन ने समाज की ओर से सौंपे गए मांग पत्र पर गंभीरता से विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन देते हुए कहा कि सामाजिक विकास के लिए जब भी किसी भी प्रकार की मांग रखी जाएगी उसे पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित आनंद प्रसाद, मनोज पराशर, विरेन्द्र जायसवाल, मनमोहन कौशिक, मनीष जायसवाल, आशीष जायसवाल, रोशन जायसवाल, अनिल जायसवाल, शिव जायसवाल, जीवन जायसवाल, भुनेश्वर कश्यप, दीपक राय, भास्कर जायसवाल का समाज की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से बड़ी संख्या में स्वजातीय महिलाएं, पुरूष व बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।

## आरोग्य धाम पॉलीक्लिनिक में नेत्र जांच सुविधा का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** आरकेटीसी समूह और भजनका सेवा समिति के सहयोग से संचालित चैरिटी हॉस्पिटल आरोग्य धाम पॉलीक्लिनिक ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुएअ नेत्र जाँच सुविधा की शुरुआत करी है। इस शुभ अवसर पर प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. दानी ने नेत्र विभाग का उद्घाटन किया और इसे जनसेवा के लिए समर्पित किया। आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक के इस कदम की सराहना करते हुए इसे समाज के स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया।

जानकारी देते हुए बताया गया हैं की आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक का उद्देश्य कम आय वाले, जरूरतमंद और पिछड़े तबके को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। यहाँ पर मरीजों को चैरिटी दरों पर डॉक्टरी परामर्श उपलब्ध है, साथ ही पैथोलॉजी लैब की सेवाएँ भी अत्यंत चैरिटेबल दरों पर प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक मेडिसिन उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि मरीजों को इलाज में किसी भी तरह की आर्थिक बाधा न आए। नेत्र विभाग में नई सेवाएँ अब आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक में नेत्र जाँच की सेवा भी उपलब्ध है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. दानी हर मंगलवार को शाम 6 बजे से 8 बजे तक यहाँ उपस्थित रहेंगे और मरीजों को अपनी विशेषज्ञता से लाभान्वित करेंगे। यह सेवा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए फायदेमंद है जिन्हें नियमित नेत्र जाँच और इलाज की जरूरत है। डॉक्टर की अनुभवी देखरेख में यहाँ आँखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का इलाज चैरिटी दरों पर किया जाएगा। नेत्र विभाग के प्रमुख पुष्पराज यादव ने बताया कि नजर के चश्मों के फ्रेम और लेंस भी अब चैरिटेबल दरों पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने यह भी साझा किया कि जरूरतमंदों के लिए ये सेवाएँ अत्यधिक सुलभ और किफायती होंगी।जिससे आम जनता को उच्च गुणवत्ता की नेत्र देखभाल मिल सके। आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक का उद्देश्य इन सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में जागरूकता फैलाना और नेत्र देखभाल को सभी के लिए पहुँच में बनाना है।

इस अवसर पर डॉ. बी.बी. बोर्डे ने आरोग्य धाम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक की यह नई नेत्र जाँच सुविधा समाज के उन वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी, जो महंगी चिकित्सा सेवाओं तक नहीं पहुँच सकते। वहीं सीए आशीष खेतान ने भी क्लिनिक की चैरिटी सेवा का समर्थन करते हुए कहा कि आरोग्य धाम का यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक इसी तरह से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा सुविधाओं की सुलभता को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को आगे भी जारी रखेगा।

## कुपोषण को मिल रही है मात बच्चों की बन रही है सेहत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** मिलेट अनाजों के पोषक तत्वों एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों से पूरे देश-दुनिया परिचित हो चुकी है। कभी मोटे अनाजों के नाम पर दरकिनार होते इस अनाज को अब श्री अन्न कहा जाने लगा है। सभी के लिए सुपाच्य एवं मरीजों के विभिन्न व्याधियों में फायदेमंद इस अनाज की मांग अब एकाएक बढ़ चुकी है। खास तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के सेहत के लिए इस एक कारगर के उपाय के रूप में देखा जाने लगा है। जिले में पोषण माह में सुपोषण योजना के तहत बच्चों को दिए जा रहे हैं ''मिलेट मल्टीग्रेन दलिया'' इस क्रम में दंतेवाड़ा जिले में जहां कुपोषण और एनीमिया एक बड़ी समस्या रही है, इस देखते हुए जिला प्रशासन की विशेष पहल पर सुपोषण योजना के तहत एक अनूठी पहल के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मिलेट मल्टीग्रेन (मिलेट्स, जैसे रागी, कोदो, कोसरा, बाजरा, ज्वार आदि) से बना दलिया दिया जा रहा है। यह मिलेट मल्टीग्रेन दलिया नियद नेल्लानार के ग्राम गमावाडा एवं धुरली के आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने के समय अर्थात 3 बजे के आसपास खिचड़ी या हलवा के रूप में बनाकर दिया जाता है। जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राप्त गर्म भोजन व घर में मिलने वाले शाम के भोजन के बीच में ''न्युट्रिशनल गैप'' को पूरा करती है। इससे आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ-साथ ''अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेषन'' (ईसीसीई) गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए भी कारगर साबित हुआ है। यह मिलेट मल्टीग्रेन दलिया स्थानीय स्व सहायता समूहों के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है।

**मिलेट्स है संपूर्ण पोषक आहार:** मिलेट्स (मोटे अनाज) एक संपूर्ण पोषक आहार होते हैं, जिनमें फाइबर, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, और कई विटामिन्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये बच्चों के शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और वे बेहतर ढंग से शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित होते हैं। साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर मिलेट्स में आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं।

## ग्राम रामपुर में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांव की साफ-सफाई की जा रही है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रामपुर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने गांव की साफ-सफाई कर स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम रामपुर में बाजार के आसपास श्रमदान कर साफ-सफाई की गई और लोगों को घरों के साथ-साथ अपने गांव, गली मोहल्ले को स्वच्छ रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवोदय के वालंटियर द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू ने स्वच्छता गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में स्वच्छता त्यौहार मनाना बड़े गर्व की बात है क्योंकि स्वच्छता से ही हमारा पूरा परिवार स्वस्थ रहता है।

स्वच्छता रखने से किसी प्रकार की बीमारी होने का खतरा कम होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि ग्राम में स्वच्छता दीदीयों का सम्मान करें और अपने घरों से निकलने वाले सूखे कचरे को स्वच्छता दीदीयों को ही दें, जिससे ग्राम में गंदगी नहीं होगी और गांव स्वच्छ रहेगा। उन्होंने सभी ग्रामवासियों, स्कूली बच्चे तथा अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर सभी को प्रति सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने व ग्राम में एक दिन साफ-सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा बताया गया कि प्रत्येक गांव में सभी आधिकारी और कर्मचारियों तथा पंचायत सचिव, शिक्षा विभाग, बिहान की दीदीयों के साथ सभी ग्रामवासी स्वच्छता त्यौहार में सम्मिलित होते हैं। जिससे हमारे जिले के गांव देश के स्वच्छ राज्यों की तरह स्वच्छ और सुंदर ग्राम के रूप में संवार रहे है। उन्होंने बताया कि जिले के डोंगरगांव, छुरिया और राजनांदगांव विकासखंड को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि जिले में स्वच्छता का बेहतर कार्य किया जा रहा है।

## दुगली डांस कंम्पीटेंसन सामूहिक में रतनपुर बना विजेता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**धमतरी।** जिले की नगरी विकासखंण्ड के गौरव ग्राम दुगली के हृदय स्थल में विराजित माता अँगारमोती आया की फूल मंडाई दौरान माता अँगारमोती लोककला संस्कृति विचार मंच के तत्वाधान में छत्तीसगढ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह,और क्षेत्र के प्रथम शहीद निर्मल सिंह नेताम की स्मृति में एतिहासिक सम्मान समारोह एवं छत्तीसगढ लोककला संस्कृति से जुडे राज्य स्तरीय डाँस कंम्पिटिशन का नौवाँ संस्करण का सफल आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैभव बिल्डकान धमतरी के डायरेक्टर मिक्की सिंह कुंजाम की मुख्य आतिथ्य में होनी थी उनके स्थान पर खिलेन्द्र पडोटी की आतिथ्य में कार्यक्रम की रंगारंग शुभारंभ हुईकार्यक्रम की शुभारंभ सर्व प्रथम छ.ग.के प्रथम शहीद वीरनरायण सिंह और क्षेत्र के प्रथम शहीद निर्मल सिंह नेताम को याद करते हुए श्रद्धाँजलि देकर किया गयाउसके उपराँत शहीद निर्मल सिंह नेताम की परिजनों का सम्मान किया गयाभारतीय सेना से सकुसल वापस लौटे बसंत सोरी का सम्मान किया गयाआल इडिया सायकल राईडर योगेश मरकाम का सम्मान किया गयामाईक्रो आर्टिस्ट लेखक भानुप्रताप का सम्मान किया गया, प्रतिभावान छात्र सम्मान में, कुमारी तामेश्वरी, चंद्रमणी सुनीता,कुमेश्वरी,लक्ष्मी, आसनी, कु.अघन्तीन,कु. आवेश्वरी,पंकज और कार्तिक कुमार को भी सम्मानित किया गयावही राज्य स्तरीय डाँस प्रतियोगिता में सामुहिक नृत्य में स्वरागिनी डास ग्रुप रतनपुर बिलासपुर,व्दितिय नित्या डाँस ग्रुप दुर्ग भिलाई,तृतिय अमर ज्योति डाँस परिवार नवागाँव कचना,चतुर्थ जे.एन. टी.कालाहंडी उडिसा,पाँचवा आर.एन डाँस ग्रुप संम्हर बागबाहरा,छटवाँ आर.आर डाँस ग्रुप भेलवाकुदा,युगल नृत्य में में प्रथम पवन हिना डाँस ग्रुप रायपुर,व्दितिय देवार देवारिन डाँस ग्रुप घटारानी गरियाबंद,तृतिय छात्रशक्ति उमरगाँव धमतरी,चतुर्थ राम एण्ड सरकडा राजिम,पाँचवां भागीरती गंगा मुकुन्दपुर धमतरी,एकल नृत्य में प्रथम जान्हवी कसडोल बलौदाबाजार,व्दितिय सुरज निषाद झलप महासमुंद,तृतिय गणिता विश्वकर्मा अरौद चारामा,चतुर्थ नंन्दनी नेताम कौव्हाबाहरा धमतरी,पांचवाँ संगिता कोर्चे धनतुलसी काँकेर,ने प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतेकार्यक्रम के निर्णायक बसंत टांडेश, मयाराम टांडेश और मनहरण टांडेश बहुत अच्छा भुमिका निभाए वहीं कार्यक्रम की गरिमामय आतिथ्य जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी,जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी,दुगली सरपंच रामकुंवर मंडावी, कौहाबाहरा सरपंच शिवप्रसाद नेताम, कोलियारी सरपंच तुलसीराम मंडावी,रामेश्वर मरकाम,राजाराम मंडावी,रोहीत दिवान, नरसिंग मरकाम,अजय ध्रुव,राजापवार,शिव नेताम,फलेन्द्र मंडावी, हेमंत मंडावी,मीना आर्मो, मोहन मरकाम, केवल नेताम, भैय्यालाल ध्रुव, बिंदेश्वर विश्वकर्मा, की उपस्थिति मे हुई। माता अंगारमोती लोककला संस्कृति विचार मंच एवं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र राज ध्रुव की पुरी टीम का अहम योगदान रहावहीं पूरी कार्यक्रम का संचालन आशीष नाग ने किया।

## आंवला नवमीं पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**रायपुर।** अक्षय नवमी या आंवला नवमी का पर्व के दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने के बाद वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने से भगवान विष्णु और भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है, जिससे घर में धन, संपत्ता, यश, वैभव, अच्छा स्वास्थ्य व सम्मान आता है। ऐसे में इस पर्व को हमारे क्षेत्र में भी बड़े भक्तिभाव व आस्था से मनाया जाता है। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर्व पर पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन करने से मनचाही इच्छा पूरी होती है इस दिन किए जाने वाले दान का पुण्य कभी क्षय नहीं जाता इस दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ आंवला पेड़ की पूजा करने का विधान है।

आज के ही दिन भगवान विष्णु ने कुष्मांडक दैत्य को मारा था, जिसके रोम से कुष्मांड-सीताफल की बेल निकली थी, इसीलिए इसे कुष्मांडक नवमी भी कहा जाता है। यह प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का भारतीय संस्कृति का पर्व है क्योंकि आंवला पूजन पर्यावरण के महत्व को दर्शाता है और इसके प्रति हमें जागरूक भी करता है। ऐसे में इस बार भी दस नवंबर को आस्था पूर्वक आंवला नवमीं का पर्व शहर के उद्यानों के साथ ही जहां पर आंवला का वृक्ष होगा, वहां पर इस पर्व को मनाया जाएगा। अक्षय नवमी पर महिलाएं घर पर सात्विक भोजन बनाती हैं।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### नाबालिग लड़की संग 27 दिन तक दुष्कर्म करता रहा युवक, प्रेग्नेंट होने पर कराया गर्भपात

**सक्ति।** बाराद्वार थाना क्षेत्र में मंदबुद्धि नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी रामरति यादव को पुलिस ने सागौन बाड़ी डुमरपारा से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक ने नाबालिग के साथ संबंध बनाए और गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया।

महिला ने बताया कि तीनों देवरानी-जेठानी परिवार सहित कमाने खाने के लिए राउरकेला (ओडिशा) चले गये थे। छोटी ननद (14) है, जो अपने पिता के साथ ग्राम कडारी में थी। दिवाली त्योहार मनाने अपने घर कडारी आए। त्योहार मनानें के बाद सात नवंबर की रात में उसके पास छोटी ननद सोई थी। तब उसने बताया कि ग्राम कडारी का रामरति यादव ऊर्फबुटु यादव ने तीन जून 2024 से 30 जून 2024 तक लगातार दुष्कर्म किया। वह गर्भवती हो गई। अपराध को छिपाने के उद्देश्य से पीड़िता को बहला-फुलाकर व उम्र बढ़ाकर गर्भपात कराने हॉस्पिटल ले गया था। वहीं, मामले के आरोपी रामरति यादव उर्फबुटु गांव से फरार होकर ग्राम डुमरपारा सागौन बाड़ी में जाकर छिपा था। पुलिस ने आरोपी रामरति यादव उर्फ बुटु निवासी कड़ारी थाना बाराद्वार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है।

### शराब तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोंडागांव।** कोंडागांव पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय शराब तस्करी में संलिप्त 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मध्यप्रदेश से तस्करी कर लाई जा रही अवैध अंग्रेजी शराब और घटना में प्रयुक्त वाहनों सहित 15 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की गई।

मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद स्कूटी पर एक व्यक्ति दो काले रंग की कारों के साथ रायपुर से जगदलपुर की ओर अवैध शराब ले जा रहा है। पुलिस ने नारायणपुर तिराहा मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी कर संदेहास्पद वाहनों को रोका। पूछताछ में आरोपियों ने शराब तस्करी में संलिप्तता स्वीकार की। तलाशी के दौरान, बोलेनो कार से 26 पेटी शराब और दूसरी कार से 26 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जबकि स्कूटी की डिक्की से 1 लाख नकद मिला। गिरफ्तार आरोपियों में संजय सिंह (37), कोण्डागांव, दिनेश लहरे (37), जगदलपुर, बस्तर, राजु कुमार रोटे (43), छोटे तोकापाल, बस्तर, वेदांत चौरसिया (23), भिलाई, बलजीत सिंह (48), भिलाई व विष्णु दास (40), बगदही, धमतरी शामिल हैं।

# जंगली जानवरों का शिकार करते हुए पांच शिकारी गिरफ्तार, गश्त के दौरान पकड़ाए

## बलौदाबाजार वनमंडल के अधिकारियों की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार। बलौदाबाजार वनमंडल के वन अमलों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्ती की जा रही है। इसी दौरान नौ नवंबर की रात लगभग नौ बजे परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत वन क्षेत्र में गश्ती के दौरान परिक्षेत्र अर्जुनी रात्रि गश्ती टीम द्वारा कुछ लोगों को जंगल की तरफ गांजरडीह बीट में जाते हुए देखा गया। गश्ती टीम द्वारा उनका पीछा किया गया और जंगल में छिपकर उनको पकड़ने के लिए घात लगाकर बैठे रहे। सुबह तड़के करीब चार बजे शिकार के पांच आरोपियों को वन विभाग द्वारा धर दबोचा गया।**



मुख्य शिकारी कमल सिंह ग्राम गांजरडीह है, जो पूर्व में भी वन्यप्राणी के शिकार केस में जेल भेजा जा चुका है और जमानत में बाहर आकर दोबारा शिकार की घटनाओं को अंजाम देता है, उक्त व्यक्ति आदतन शिकारी है एवं अन्य चार आरोपी क्रमश कुंजराम विश्वकर्मा ग्राम करमेल, कुबेर सिंह भोई ग्राम करमेल, चैनूराम भोई ग्राम करमेल एवं युधिष्ठिर भोई ग्राम करमेल है। इनके पास से शिकार सामग्री करीब 6.7 किग्रा जीआई तार एवं सेट्रींग तार जब्त किया गया, जिसे जंगल में फैलाकर लकड़ी की खुंटी लगाकर 11000 वोल्ट के विद्युत खम्भे में कनेक्शन करके वन्यप्राणी के शिकार को अंजाम देने का प्रयास कर रहे थे। उपरोक्त गश्ती टीम में गोविंद राम निषाद वनरक्षक परिसर रक्षी गांजरडीह, सनद यादव, भानु प्रसाद केंवट, तुलाराम, मनोहर सुरक्षा श्रमिक शामिल थे।

साथ ही दो दिन पूर्व ही वन विभाग की टीम द्वारा गांजरडीह एवं सराईपाली के आस-पास के गांव में बाघ एवं अन्य वन्यप्राणी विचरण के संबंध में मुनादी कराया गया था ग्रामीणों को समझाईस दी गयी थी कि वन क्षेत्र में न जावें। उसके बाद भी शिकारियों द्वारा वन्यप्राणी के शिकार करने का प्रयास किया गया। हालाकि वन विभाग की टीम ने शिकार होने के पूर्व ही शिकारियों को धर दबोचा। इसके पूर्व सोनाखान परिक्षेत्र के भुसड़ीपाली बीट में भी दो बंदूकधारी शिकारियों को उनके शिकार के पूर्व ही उन्हें पकड़ लिया गया था। उक्त शिकार में संलिप्त पांच शिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में उप वनमंडलाधिकारी कसडोल हितेश कुमार ठाकुर, परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी अनिरूद्ध भोई, परिक्षेत्र सहायक सोनाखान योगेश कुमार साहू वनपाल एवं परिक्षेत्र अर्जुनी के समस्त वन अमला शामिल थे।चेतावनी दी इसके बाद भी वह नहीं माना। इसके बाद पुलिस ने अमित जोश को ढेर कर दिया। एसपी ने बताया कि इनाम की राशि को एनकाउंटर में शामिल पूरी टीम को दी जाएगी।

# ढाई साल पुराना हत्या का मामला सुलझा, पति निकला हत्यारा, गिरफ्तार





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी की खरोरा थाना पुलिस ने ढाई साल पुराने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में महिला का पति ही उसका हत्यारा निकला। पुलिस ने आरोपी गुलाब चतुर्वेदी (67) को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी मृतका उसकी दूसरी पत्नी थी। वह अन्य मर्दों से शारीरिक संबंध बनाने लगी थी।

आरोपी ने बताया कि मना करने के बावजूद पत्नी नहीं मान रही थी। जिस कारण गांव में उसके परिवार की बदनामी होता देख उसने पत्नी की हत्या की और पुलिस को झूठी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि 18 अप्रैल 2022 को आरोपी गुलाब चतुर्वेदी ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी दूसरी पत्नी शिव कुमारी (38) घर में औंधे मुंह गिरी हुई है। बहुत ज्यादा खून बहा है और उसकी मौत हो गई है।आरोपी ने बताया था कि घर में आस-पास उसकी चूड़ी बिखरी है। उसने अज्ञात व्यक्ति के घर में लूटपाट की नीयत से आने और जान से मारने की स्न्ढ्ढक्रदर्ज करवाई थी। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच कर रही थी।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ की, जिसमें यह पाया गया कि मृतका का पति गुलाब चतुर्वेदी गांव के लोगों को अलग-अलग तरीके से घटना के बारे में बताकर गुमराह कर रहा था।वहीं घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाला व्यक्ति मृतका का पति ही था। पुलिस ने इस संबंध में कई बार गुलाब से पूछताछ की और उसने बयान और मौके पर मिले सबूत और तथ्य अलग-अलग पाए गए। पुलिस ने शंका होने पर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में पति ने अपना जुर्म स्वीकार किया।

# भिलाई में हाइवा चोरी कर भाग रहे आरोपी गिरफ्तार, बीच रास्ते गाड़ी खराब होने से पकड़ाए बदमाश, ट्रक बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने ट्रक, हाइवा और डंपर जैसी कीमती गाड़ियां चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चन्दू लाल चन्द्राकर अस्पताल के पास स्थित पेट्रोल पंप से हाइवा चोरी किया था। लेकिन आगे जाकर हाइवा खराब हो गया। जिसके चलते आरोपी हाइवा को अधिक दूर नहीं ले जा सके और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी अनिल कुमार राय ने थाने में हाइवा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। राय ने बताया कि 31 अक्टूबर 2024 को उनके ड्राइवर ने हाइवा सीजी 8 वी 1058 को चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर



के बगल स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ा किया था।

ड्राइवर रात में खाना खाने चला गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात आरोपी ने हाइवा चोरी कर लिया। सुपेला पुलिस ने मामला दर्ज कर उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के निर्देशन में सुपेला पुलिस ने ट्रक को खोजना शुरू किया।

पुलिस की टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। फुटेज के आधार पर पुलिस ने पाया कि आरोपी हाईवा को चोरी करके बोरी थाना क्षेत्र की तरफभागे हैं। इसी दौरान मुखबिर ने बताया कि चोरी हुआ हाइवा खराब हालत में ग्राम ढाबा के पास सड़क के किनारे लावारिश खड़ा है। जांच में पता चला कि हरीश यादव और हेमराज साहू ने हाईवा को चोरी किया है।

दोनो आरोपी बोरी क्षेत्र में ही रहने वाले वाले हैं। इस पर पुलिस ने दनिया बोरी वर्तमान निवासी पदुम नगर भिलाई 3 हरीश यादव और नवागांव बोरी निवासी हेमराज साहू को गिरफ्तार किया।वहीं हाइवा को जब्त कर सुपेला थाने ले आई। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# दो बाइक में जोरदार टक्कर, हादसे में दो की मौत एक गंभीर रूप से घायल, बाइक के उड़े परखच्चे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सक्ति।** सक्ति जिले के अमलीडीह और पिरदा गांव के बीच सड़क में दो बाइकों में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान भागवत सतनामी की मौत हो गई है। घटना से नाराज लोगों ने चक्का जाम किया जिसके बाद मौके पर तहसीलदार पहुंचे और 25 हजार रुपये मुआवजा राशि देने के बाद चक्काजाम को समाप्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिरदा में तीन दिवसीय अखिल भारती राम नवमी भजन



मेला चल रहा है। जिसमें दो भाई लोकेश चंद्र और लक्की चंद्र दोनों मेले में दुकान लगाए हुए थे। जिसे बंद कर एक बाइक में सवार होकर दोनों भाई अपने घर खाना खाने के लिए निकले थे। वहीं दूसरी बाइक पल्सर में भागवत सतनामी मेला देखने के लिए अकेले जा रहा था बाइक तेज रफ्तार होने के कारण दोनों बाइक में आमने सामने जोरदार टक्कर होने से तीनों एक दूसरे से दूर सड़क में जा गिरे। हादसे में एक युवक लोकेश चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, वही लक्की चंद्र और भागवत सतनामी को गंभीर रूप से चोट आई है। जहां उपचार के दौरान भागवत सतनामी की भी मौत हो गई । टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए, घटना के बाद ग्रामीणों की बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई।

# धमतरी में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

■ **एक अन्य आरोपी की तलाश, दो लोगों से की थी ठगी**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताया जा रहा है कि उमेश कुमार पटेल ने आठ नवंबर को कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 अप्रैल 2022 से 22 जुलाई 2023 तक भिलाई के निवासी ज्ञान प्रकाश साहू और देव कृष्णा साहू द्वारा रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स लिमिटेड नामक कंपनी में चल पूर्वक 8 लाख 67 हजार 680 रुपये की धोखाधड़ी की। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी।



इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि उक्त दोनों आरोपियों द्वारा अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की है। इसकी कुल कीमत एक करोड़ 17 लाख 5 हजार 365 से ज्यादा बताया गया। जिस पर कोतवाली पुलिस ने 10 नवंबर रविवार को देवकृष्ण साहू निवासी भिलाई जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, धोखाधड़ी के मामले में एक अन्य आरोपी प्रकाश साहू फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# रायगढः ट्रक चालक ने पार किया 35 टन सरिया

■ **शहडोल मध्यप्रदेश में व्यापारी को बेचा, दो आरोपी गिरफ्तार**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में 35 टन सरिया की हेराफेरी का मामला सामने आया है। रायगढ़ के व्यापारी ने हरियाणा के लिए 35 टन सरिया लोड़ कर भेजा लेकिन वह तय समय पर वहां नहीं पहुंचा। इसके बाद व्यापारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ट्रक चालक ने हेराफेरी की है। इसके बाद ट्रक चालक व शहडोल मध्यप्रदेश के एक व्यापारी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी का 35.1 टन सरिया जब्त किया गया है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार 7 नवंबर को रायगढ़ निवासी दीपक बंसल उम्र 27 वर्ष ने पूंजीपथरा थाना में आवेदन देकर बताया था कि 16 अक्टूबर को रायगढ़ इस्पात एवं पावर प्रालि देलारी से हरियाणा के हिसार स्थित शुभम एसोसिएट के लिए 35.1 टन सरिया, जिसकी कीमत लगभग 18.96 लाख रुपये है, को ट्रांसपोर्टर एमपी छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट के जरिए भेजा गया था।

सरिया लोड कर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीपी -5256 में ट्रक चालक विकास सिंह को हरियाणा के लिए रवाना किया गया, परन्तु 6 नवंबर तक गंतव्य स्थान पर सामान नहीं पहुंचने पर शिकायतकर्ता ने ट्रक चालक और ट्रांसपोर्टर से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिसके बाद उसने थाना पूंजीपथरा में 35.1 टन सरिया की चोरी की रिपोर्ट लिखाई थी जिस पर पुलिस ने धारा 316(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया था।

जांच के दौरान पता चला कि ट्रक चालक विकास सिंह ने सरिया की हेराफेरी की है। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान बताया कि उसने शहडोल जिले के ब्यौहारी में व्यापारी दिनदयाल गुप्ता उर्फबटू के गोदाम में 15 टन सरिया अनलोड कर दिया था। इसके बाद एएसआई जयराम सिदार के नेतृत्व में पुलिस टीम को शहडोल भेजा गया। पुलिस ने विकास सिंह और व्यापारी दिनदयाल गुप्ता के मेमोरेंडम पर कुल 35.1 टन सरिया जब्त कर लिया, जिसकी कीमत लगभग 18.96 लाख रुपए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्रं. 202410104700060/अ-6/2024-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित क्रिया जाता है। आवेदक/आवेदिका सुशीला देशमुख पिता/पति शेवेन्द्र कुमार देशमुख, निवासी ग्राम से.-5 भिलाई तहसील दुर्ग, जिला-दुर्ग के द्वारा ग्राम कचान्दुर तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 829 का टुकड़ा रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रेता खेदूराम बंछोर पिता/पति जिवराखन बंछोर निवासी ग्राम कचान्दुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13/1/2014 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 15/11/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/10/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक :- 29/10/2024.
सुनावाई दिनांक:- 15/11/24

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्रं. 202410104700061/अ-6/2024-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित क्रिया जाता है। आवेदक/आवेदिका सुशीला देशमुख पिता/पति शेवेन्द्र कुमार देशमुख, निवासी ग्राम से.-5 भिलाई तहसील दुर्ग, जिला-दुर्ग के द्वारा ग्राम कचान्दुर तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 828 का टुकड़ा रकबा 0.005 हे. भूमि को विक्रेता परदेशी पिता/पति तुकाराम निवासी ग्राम कचान्दुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13/1/2014 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 15/11/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/10/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक :- 29/10/2024.
सुनावाई दिनांक:- 15/11/24

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

# चोरी करने घर में घुसे और महिला की गला दबाकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सक्ति।** हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम धमनी में हुई बुजुर्ग महिला मंगली बाई की हत्या के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी की नीयत से हत्या की गई थी। आरोपियों के कब्जे से गहने, नकदी रकम और बैंक पासबुक, गैस कार्ड और मोबाइल को बरामद किया गया है।

जानकारी अनुसार, आठ नवंबर की रात को महिला मंगली बाई मित्तल घर में अकेली सोई हुई थी। इस बीच चार युवक व विकास मधुकर, सुभाष खूंटे निवासी धमनी और प्रहलाद श्रीवास, समीर रात्रें निवासी हसौद लुट के नियत से घर में घुसे हुए थे। इस दौरान महिला चिल्लाने लगी तब समीर ने मुंह दबा दिया। वहीं, विकास और सुभाष ने गला दबाकर हत्या की।

बुजुर्ग महिला ने पहना हुआ गहने और नकदी रकम, राशन कार्ड, मोबाइल, गैस कार्ड, दो बैंक पासबुक की चोरी कर फरार हो गए थे। इसमें आरोपियों के पास से 21 हजार रुपये में से 5 हजार रुपये को पिरदा गांव में चल रहे मेले में खर्चा करना बताया। वहीं, घटना में प्रयुक्त स्कूटी को बरामद किया गया है। रविवार को चारों आरोपी विकास मधुकर ग्राम धमनी सुभाष खूंटे ग्राम धमनी प्रहलाद श्रीवास हसौद समीर रात्रे हसौद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



दुल्हन बैंगल्स & फैंसी



RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030

Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more

पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस



फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


# जनजातीय गौरव दिवस पर केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया जशपुर में करेंगे पदयात्रा

## सीएम साय भी होंगे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर/नईदिल्ली। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस के तहत माय भारत युवा स्वयंसेवकों के साथ पदयात्रा करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं और अन्य राज्य मंत्री भी पदयात्रा में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी विरासत और राष्ट्र के विकास में आदिवासी समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करेगा। भगवान बिरसा मुंडा की विरासत और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समुदायों के योगदान का जश्न मनाने के लिए पदयात्राभगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में 10,000 से अधिक MY भारत युवा स्वयंसेवक पदयात्रा में शामिल होंगे



### यह होंगे पदयात्रा के मुख्य आकर्षण

इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी विरासत का स्मरण करना, समावेशिता को बढ़ावा देना और आदिवासी समुदायों को लाभान्वित करने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसमें 10,000 से अधिक MY Bharat युवा स्वयंसेवक भाग लेंगे, जो आदिवासी संस्कृति, विरासत और विरासत की रक्षा और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देंगे। पदयात्रा कोमोडो गांव से शुरू होगी और लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रणजीत स्टेडियम में समाप्त होगी। यह मार्च युवाओं, आदिवासी नेताओं और समुदाय के सदस्यों को आदिवासी विरासत और भावना के जीवंत उत्सव में एकजुट करेगा।

### पौधरोपण कर करेंगे पदयात्रा की शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत भारत की आजादी में आदिवासी नेताओं के योगदान को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शनों और आदिवासी विरासत की समृद्धि को उजागर करने वाले नृत्यों से होगी। पदयात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ माके नाम पहल के अनुरूप वृक्षारोपण गतिविधि के साथ शुरू होगी। पदयात्रा के दौरान एक प्रदर्शनी स्थल में ऐतिहासिक आदिवासी आंदोलनों,आदिवासी नायकों को श्रद्धांजलि और भारत के आदिवासी समुदायों की अनूठी कलात्मकता और शिल्प कौशल का प्रदर्शन होगा। मार्ग में पड़ने वाले पड़ावों में आदिवासी संस्कृति, जटिल रंगोली कलाकृतियाँ, पेंटिंग और पारंपरिक आदिवासी कला का जश्न मनाने वाले नाटक शामिल होंगे। लाइव कार्यशालाएं उपस्थित लोगों को आदिवासी नृत्य, संगीत और साहित्य के साथ एक इंटरैक्टिव अनुभव प्रदान करेंगी, जबकि आदिवासी खाद्य पदार्थों का चयन उनके स्वास्थ्य लाभों को रेखांकित करेगा।

### जनजातीय विरासत और संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

मंत्रालय इस आयोजन के माध्यम से जनजातीय विरासत और संस्कृति की गहन समझ को बढ़ावा देना चाहता है, साथ ही सरकारी कल्याणकारी पहलों में जनजातीय समुदाय को सक्रिय रूप से शामिल करना चाहता है। इस उत्सव का उद्देश्य युवाओं को भारत की जनजातीय विरासत की समृद्ध विरासत से जुड़ने, उसे समझने और उसका सम्मान करने के लिए एक मंच तैयार करना है। युवा मामले विभाग देश भर के युवाओं को www.mybharat.gov.in पर MY Bharat पोर्टल पर पंजीकरण करके और जनजातीय विरासत के बारे में अपनी समझ को गहरा करने और अपनी जनजातीय विरासत का सम्मान करने के लिए पदयात्रा में शामिल होकर सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। युवा मामले और खेल मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के मार्गदर्शन में संविधान के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साल तक चलने वाले उत्सव में, युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत MY Bharat भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को अपनाने और प्रदर्शित करने के लिए पूरे भारत में पदयात्राओं की एक श्रृंखला आयोजित करेगा।

### यह होंगे पदयात्रा के मुख्य आकर्षण

**सांस्कृतिक प्रदर्शन:** सांस्कृतिक समृद्धि का जश्न मनाने वाले आदिवासी नृत्य और संगीत।

**आदिवासी आंदोलनों और कलाओं पर प्रदर्शनी:** नाटकों और झांकियों के साथ ऐतिहासिक आदिवासी आंदोलनों, वीरता और शिल्प कौशल का प्रदर्शन।

**जागरूकता कियोस्क:** सरकारी योजनाओं और महिला लाभार्थियों के बारे में जानकारी।

**कलात्मक जुड़ाव:** आदिवासी कला और साहित्य को बढ़ावा देने वाली रंगोली, पेंटिंग और कार्यशालाएं।

**युवा योगदान का जश्न:** माय भारत पोर्टल और NYKS उपलब्धियों पर प्रकाश डालना।

**आदिवासी नेताओं को श्रद्धांजलि:** प्रतिभागी उल्लेखनीय आदिवासी हस्तियों की वेशभूषा में।

**जनजातीय उत्कृष्टता की मान्यता:** पद्म पुरस्कार विजेताओं का अभिनंदन और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना।

**जनजातीय भोजन का जश्न:** स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के जनजातीय भोजन परोसना।

# छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हो रहे हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से हो रहा है क्रियान्वयन

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य बजट को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रूप से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य स्तर पर डीकेएस और मेकाहारा जैसे अस्पताल अत्याधुनिक तकनीकों से लैस हो रहे हैं तो वहीं संभाग स्तर पर सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालों का कार्य निरंतर जारी है। इसी तरह से जिले और ब्लाक स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर राज्य के लोगों की सेहत का विशेष ध्यान रख रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों की सामान्य जानकारी एवं रोगों के घरेलू उपचार तथा औषधियों की जानकारी प्रदान करने में बेहद मददगार साबित हो रहे हैं । इसके अंतर्गत संपूर्ण 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे मरीजो को लगातार लाभ मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जनसामान्य को दैनिक योगाभ्यास हेतु प्रेरणा एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है ताकि मरीज शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहें।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा निरंतर मरीजों का इलाज किया जा रहा है एवं उनकी देखभाल की जा रही है। राज्य सरकार की इस पहल से लोगों को लगातार लाभ भी मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सालाना 1 करोड़ 38 लाख ओपीडी और मासिक 3 लाख एनसीडी मरीजों का इलाज हो रहा है जो अपनी सफ्लता की कहानी स्वयं बयां करता है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाने वाली मुख्य 12 स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, परिवार नियोजन गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन तथा तीव्र साधारण बीमारियों और छोटी बीमारियों के लिए बाह्य रोगी देखभाल शामिल हैं। इसी तरह से गैर संचारी रोगों की जांच, रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, सामान्य नेत्र और ईएनटी समस्याओं की देखभाल, बुनियादी मौखिक स्वास्थ्य देखभाल, वृद्धजन एवं उपशामक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं तथा मानसिक स्वास्थ्य बीमारियों की जांच और बुनियादी प्रबंधन जैसी सेवाएं भी शामिल हैं।

# मल्टीग्रेन दलिया से कुपोषण और एनीमिया को मिल रही मात

श्रीकंचनपथ न्यूज




रायपुर। दंतेवाड़ा जिले में कुपोषण और एनीमिया एक बड़ी समस्या रही है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन की विशेष पहल पर सुपोषण योजना के तहत आंगनबाड़ी के बच्चों को मल्टीग्रेन दलिया दिए जाने की अभिनव पहल के बड़े ही सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिले में बीते अप्रैल माह में कुल कुपोषित बच्चों की संख्या 8082 थी, जो अब घटकर 6969 रह गई है। इसको देखते हुए यह उम्मीद है कि निकट भविष्य में दंतेवाड़ा जिले में कुपोषण और एनीमिया को न्यूनतम स्तर लाने में मल्टीग्रेन दलिया का उपयोग कारगर सिद्ध होगा। यह मल्टीग्रेन दलिया रागी, कोदो, कोसरा, बाजरा, ज्वार आदि से स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार कर आंगनबाड़ियों को प्रदाय किया जा रहा है।

राष्ट्रीय पोषण माह में मल्टीग्रेन दलिया नियद नेल्लानार के ग्राम गमावाडा एवं धुरली के आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने के समय अर्थात 3 बजे के आसपास खिचड़ी या हलवा के रूप में बनाकर दिया जाता है, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राप्त गर्म भोजन व घर में मिलने वाले शाम के भोजन के बीच में ''न्यूट्रिशनल गैप'' को पूरा करती है। मल्टीग्रेन दलिया पौष्टिक होने के साथ-साथ बच्चों को खाने में पसंद है। जिसके कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है। इसके चलते ''अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेषन'' (ईसीसीई) गतिविधियों के क्रियान्वयन भी कारगर साबित हुआ है।

दंतेवाड़ा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलेट आधारित दलिया को मिड-डे मील के रूप में शामिल किया गया है। बच्चों और उनके माता-पिता से मिले सकारात्मक फीडबैक ने इस योजना की सफ्लता को और भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। बच्चों में पहले की तुलना में अधिक ऊर्जा, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और शारीरिक विकास में तेजी देखी गई है। गौरतबल है कि मिलेट्स के पोषक तत्वों एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों से पूरे देश-दुनिया परिचित हो चुकी है। जब से देश में चावल, गेहूं की भरपूर पैदावार होने लगी, तब से मिलेट्स यानि मोटे अनाजों से लोगों ने मुहं मोड़ लिया था। देश-दुनिया को मोटे अनाजों की पौष्टिकता, इसमें विद्यमान मल्टी विटामिन्स तथा कई रोगो के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का पता लगा है, तब से उसके उपयोग को बढ़ावा मिला है। मोटा अनाज अब श्री अन्न कहा जाने लगा है। मिलेट्स सभी के लिए सुपाच्य एवं मरीजों के विभिन्न व्याधियों में फायदेमंद इस अनाज की मांग अब एकाएक बढ़ चुकी है। खास तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के सेहत के लिए इसका उपभोग लाभकारी है।

# पीएम जनमन योजना के तहत कमार जनजाति के लोग हुए शासन की योजनाओं से लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार जिले के ग्राम बल्दाकछार एवं अवरई में रहने वाले विशेष पिछडी जनजाति कमार के शतप्रतिशत लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। योजना के तहत अब तक 11 योजनाओं में शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। बल्दाकच्छार में 39 और अवरई में 11 विशेष पिछडी जनजाति कमार परिवार रहते हैं जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 193 है।अब दोनों ही गांव के कमार जनजाति के सभी लोगों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व जाति प्रणाम पत्र बन गया है । महिलाओं के जनधन बैंक खाते खुल गए हैं। पात्रतानुसार किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि एवं पीएम मातृत्व वंदन योजना का लाभ मिला है। सभी की सिकल सेल जांच एवं सभी घरों में विद्युतीकरण हो गया है। इसके साथ ही 2 मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी सुविधा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को प्रदान की गयी है।

15 नवम्बर 2023 से शुरू हुए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछडी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार और अवरई में संतृप्तिकरण अभियान शुरू किया गया। इसमें योजना से छूटे हुए लोगों का चिन्हांकन उपरांत उन्हें लाभान्वित करने पर जोर दिया गया और एक वर्ष के अन्दर ही 11 योजनाओं से शतप्रतिशत लोगों को लाभान्वित किया गया।

गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमजोर जनजाति समूहों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# बागबाहरा जंगल से रेस्क्यू कर सफेद पूंछ वाले बीमार गिद्ध की बचाई जान

### नंदनवन जंगल सफारी के अधिकारियों का सराहनीय प्रयास, 500 किलोमीटर की उड़ान के बाद यह गिद्ध पहुंचा था बागबाहरा वनक्षेत्र में

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर।राजधानी रायपुर के समीप स्थित नंदनवन जंगल सफारी के वन अधिकारियों एवं चिकित्सकों की टीम ने विलुप्त प्रजाति के सफेद पूंछ वाले बीमार गिद्ध का रेस्क्यू कर उसकी जान बचाने में सफल रही है। यह बीमार गिद्ध लगभग 500 किलोमीटर की उड़ान भरता हुआ बीते दिनों छत्तीसगढ़ राज्य के महासमुंद वनक्षेत्र के बागबाहरा पहुंचा था। इस बीमार गिद्ध के रेस्क्यू के बाद नंदनवन जंगल सफारी के वन्य चिकित्सकों एवं वन अधिकारियों ने बड़ी सावधानी के साथ इस गिद्ध का रेस्क्यू कर इलाज किया। इसके स्वास्थ्य पर सतत निगरानी रखी, जिसके चलते कुछ ही दिनों में यह गिद्ध स्वस्थ एवं सामान्य स्थिति में आ गया। जंगल सफारी की टीम ने इस गिद्ध को फिर से उड़ान भरने के लिए छोड़ दिया है।

नंदनवन जंगल सफारी के अधिकारियों द्वारा बीमार गिद्ध के बचाव कार्य की मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने सराहना की है। उन्होंने गिद्ध के रेस्क्यू ऑपरेशन और इलाज में लगी अधिकारियों की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विलुप्त होती गिद्ध की इस प्रजाति का छत्तीसगढ़ के अधिकारियों द्वारा बचाव के लिए किए गए प्रयासों की जितनी सराहना की जाए कम है।

गौरतलब है कि सफेद पूंछ वाला गिद्ध (वाईट रुम्पड वल्चर) एक संकट ग्रस्त प्रजाति है। वर्तमान में इस प्रजाति की संख्या देश में 13 हजार से भी कम रह गई है। यह गिद्ध बड़े पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं और साल भर में केवल एक ही अंडा देते हैं, जिससे इनकी संख्या बढ़ने की गति धीमी होती है।

ये गिद्ध केवल उन्हीं क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहां जैव विविधता समृद्ध होती है और प्रदूषण या औद्योगीकीकरण का प्रभाव कम होता है। गिद्ध के इस प्रजाति के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में भारत में वाईट रुम्पड वल्चर की निगरानी और संरक्षण के लिए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) और ताडोबा अंधेरी टाइगर रिजर्व ने एक विशेष पहल करते हुए 10 सफेद पूंछ वाले एक गिद्धों को एक साथ जियो-ट्रैकिंग उपकरण के साथ जंगल में छोड़ा गया था, जिसमें से एक गिद्ध महाराष्ट्र राज्य में उड़ान भरते हुए छत्तीसगढ़ के इन्द्रावती टाईगर रिजर्व होते हुए कांकेर जिले से महासमुंद वन क्षेत्र बागबाहरा में पहुंच गया था। नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) और ताडोबा अंधेरी टाइगर रिजर्व का गिद्धों को छोड़ने उद्देश्य उनके प्रवास मार्गों का अध्ययन करने के साथ-साथ उनको प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रख उनका संरक्षण और संवर्धन करना था। उन 10 गिद्धों में से एक गिद्ध 20 दिनों में लगभग 500 किलोमीटर की उड़ान भरने के बाद महासमुंद वन क्षेत्र में आ गया था। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) की निगरानी टीम ने जियो-ट्रैकिंग उपकरण की मदद से जाना कि यह गिद्ध बागबाहरा जंगल मे एक ही स्थान पर लंबे समय तक रुका हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने नंदनवन जंगल सफारी रायपुर के अधिकारियों से सम्पर्क किया और पूरी स्थिति की जानकारी दी।

नंदनवन जंगल सफारी के वन्यजीव डॉक्टरों और वन अधिकारियों की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बागबाहरा क्षेत्र से गिद्ध का सुरक्षित रेस्क्यू किया और 26 अगस्त को उसे नंदनवन जंगल सफारी ले आए। यहां चिकित्सकों की देखरेख में गिद्ध को उचित उपचार और पोषण दिया गया, जिससे वह स्वस्थ होने लगा। कुछ दिनों में ही गिद्ध पूरी तरह से स्वस्थ हो गया और उसकी सक्रियता लौट आई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950